कोटद्वार, शुक्रवार
31 अक्टूबर 2025
वर्षः 47
अंकः 169 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

फर्जी चालान के मैसेज में भुगतान का ऑनलाइन लिंक भेज 1.58 लाख ठगे

देहरादून। फर्जी ट्रैफिक चालान का मैसेज भेजकर उनमें ऑनलाइन भुगतान का लिंक भेजकर 1.58 लाख रुपये ठग लिए गए। युवक की शिकायत पर गढ़ी कैंट कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैंट क्षेत्र के मॉल रोड निवासी जमशेर खान को साइबर ठगों ने निशाना बनाया। बताया कि बीते 25 सितंबर को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अनजान नंबर से मैसेज आया। मैसेज में उनकी एक्टिवा के रेड लाइट जंप करने का 2000 रुपये का चालान होने का दावा किया गया था। मैसेज में उत्तराखंड पुलिस का लोगो और भुगतान के लिए एक एपीके लिंक दिया था। लिंक पर क्लिक करने पर एक वेबसाइट खुली। जहां जमशेर ने चालान भुगतान के लिए व्यक्तिगत जानकारी दर्ज की और एक रुपये का भुगतान करने को कहा गया। भुगतान उनके पंजाब नेशनल बैंक खाते से हुआ। इसके बाद 26 और 30 सितंबर को उनके खाते से आठ बार में कुल 1.58 लाख रुपये कट गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस और परिचितों से जानकारी ली। तब पता चला कि मैसेज फर्जी था और साइबर अपराधियों ने उत्तराखंड पुलिस और आरटीओ का नाम इस्तेमाल कर ठगी को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार यह साइबर ठगी का अभी नया तरीका है। जिसमें अपराधी सरकारी संस्थानों के लोगो और फर्जी एप का उपयोग कर लोगों को झांसे में लेते हैं। इस तरह के मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करने से फर्जी ऐप डाउनलोड हो जाता है। जो बैंक खातों से पैसे निकालने का जरिया बनता है। इंस्पेक्टर कैंट केके लुंठी ने बताया कि शिकायत पर साइबर ठगी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पिकअप वाहन में लगी आग, जान जोखिम में डालकर बुझाने की कोशिश करते रहे युवक

विकासनगर। कालसी चकराता मार्ग पर जजरेड से एक किमी आगे पराली से भरे पिकअप वाहन में आग लग गई। आग लगने के बाद पिकअप चालक और एक अन्य युवक अपनी जान की परवाह न करते हुए, आग बुझाने का कोशिश करते रहे। यहां तक कि चालक आग का गोला बनी पिकअप को करीब एक किमी आगे तक ले गया। बाद में मौके पर फायर सर्विस के साथ पुलिस ने आग को बुझाया। चालक और परिचालक सुरक्षित हैं। वाहन जलकर राख हो गया है। दरअसल, एक पिकअप वाहन विकासनगर से पराली भरकर गांव जा रहे थे। जजरेड से एक किमी आगे सहिया की तरफ अचानक पीछे से पराली में आग लग गई। पिकअप में संजू पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम मलोग व राहुल पुत्र बज्जू ग्राम जीसऊ सवार थे। पराली में लगी आग को बुझाने के लिए दोनो युवक कई देर तक प्रयास करते रहे। जब आग नहीं बुझी तो चालक ने आग का गोला बनी पिकअप को करीब एक किमी आगे तक ले गया। ताकि वाहन को वह पानी की जगह पर ले सके और आग बुझे। इस दौरान कोई अनहोनी नहीं हुई। सूचना पर चौकी साहिया पुलिस फायर सर्विस को लेकर मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक आग से वाहन जलकर राख हो गया था। चौकी साहिया प्रभारी नीरज कठैत ने बताया कि वाहन में सवार दोनों लोग सुरक्षित है। जब तक आग पर काबू पाया जाता वाहन पूरी तरह से जलकर राख हो गया था। आग की घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

सिलाई बैंड में वाहनों की आवाजाही बनी खतरनाक

उत्तरकाशी। यमुनोत्री हाईवे पर सिलाई बैंड क्षेत्र में आवाजाही बेहद खतरनाक बनी हुई है। यहां हाईवे पर अत्यधिक मलबा होने के कारण मौसम साफ होने पर धूप में धूल के गुब्बार उड़ते हैं और बारिश में दल–दल बन जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र में दुर्घटना की आंशका बनी रहती है। गुरुवार को यहां एक वाहन सड़क से बाहर जाने से बाल बाल बचा। यमुनोत्री हाईवे पर इस साल बरसात में नासूर बना सिलाई बैंड डेंजर जोन आज भी वाहनों के आवागमन के लिए जोखिम भरा बना हुआ है। सिलाई बैंड के पास के इस क्षेत्र में बरसात के दौरान अत्यधिक मलबा आ गया था, जिससे यहां सड़क पर भारी मलबा भरा पड़ा है। यह मलबा हाईवे पर आवागमन करने वाले लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। धूप में सिलाई बैंड के पास इस क्षेत्र में वाहनों के चलने पर इतनी धूल उड़ती है कि पीछे वाले वाहनों को सड़क साफ नही दिखाई देती है,

बिहार का विकास करना एनडीए–भाजपा की सबसे बड़ी प्राथमिकता

कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और करप्शन, मुजफ्फरपुर में बोले पीएम मोदी

मुजफ्फरपुर , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बिहार के मुजफ्फरपुर में रैली को संबोधित करते हुए राजद और कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजद–कांग्रेस वालों की पहचान 5 चीजों से है, जो कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और करप्शन हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बिहार का गौरव बढ़ाना, यहां की मीठी बोली, बिहार की संस्कृति को दुनिया के कोने–कोने में ले जाना, बिहार का विकास करना एनडीए–भाजपा की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

जब भारत समृद्ध था, तब उसमें बिहार की बहुत बड़ी भूमिका थी। आज विकसित भारत बनाने के लिए भी बिहार का विकसित होना बहुत जरूरी है। विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, राजद–कांग्रेस कभी भी बिहार को विकसित नहीं बना सकते हैं। इन पार्टियों ने बरसों तक बिहार पर एकछत्र राज किया, लेकिन आपको सिर्फ विश्वासघात दिया। 5 शब्दों में राजद–कांग्रेस के कारनामों की कथा कहना चाहता हूं। ये पांच शब्द हैं, कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और करप्शन। यह जंगलराज की पहचान है। यह राजद और उनके साथियों की पहचान बन चुकी है। उन्होंने कहा, जहां कट्टा और क्रूरता का राज हो, वहां कानून दम तोड़ता है। जहां कटुता बढ़ाने वाली राजद–कांग्रेस हो, वहां समाज में सद्भाव मुश्किल होता है। जहां राजद–कांग्रेस का कुशासन हो, वहां विकास का नामोनिशान नहीं होता है। जहां करप्शन होता है, वहां सामाजिक न्याय नहीं मिलता है। सिर्फ कुछ परिवार ही फलते–फूलते हैं। राजद–कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ऐसे लोग कभी भी बिहार का भला नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर छठ मईया के अपमान का भी आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा, ये कांग्रेस और राजद के लोग छठी मईया का अपमान कर रहे हैं। जो महिलाएं निर्जला इतना लंबा व्रत रखती हैं, जो गंगा जी में खड़ी होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं। वो राजद–कांग्रेस की नजर में ड्रामा करती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, क्या बिहार की माताएं–बहनें छठी मईया का ये अपमान बर्दाश्त करेंगी? मैं जानता हूं कि छठी मईया के इस अपमान को बिहार का कोई भी व्यक्ति भूल नहीं सकता। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार स्वाभिमान की धरती है। जिन लोगों ने छठ पूजा को गोली देने का काम किया है, बिहार ऐसे लोगों को कभी माफ नहीं करेगा।

पति के नास्तिक होने पर महिला ने मांगा तलाक

नैनीताल। हाई कोर्ट ने पति के नास्तिक होने के आधार पर तलाक मांगने के मामले में सुनवाई करते हुए मामला काउंसलिंग के लिए भेज दिया। नैनीताल जिले की हिंदू महिला पूनम ने अपने पति से इस आधार पर तलाक मांगा कि उसका पति नास्तिक है और धार्मिक रीति–रिवाजों को नहीं मानता।

पूनम ने याचिका दायर कर कहा कि उसका पति भुवन सनवाल और ससुराल वाले संत रामपाल के अनुयायी हैं और किसी भी हिंदू परंपरा का पालन नहीं करते जबकि वह एक धार्मिक महिला है। पूजा पाठ करना चाहती है। महिला ने आरोप लगाया कि शादी के बाद उसे घर का मंदिर हटाने और देवताओं की मूर्तियां तक पैक कर बाहर रख देने के लिए कहा गया। जब उनके बेटे का नामकरण संस्कार करने का समय आया, तो पति ने यह कहकर इन्कार कर दिया कि उनके आध्यात्मिक मार्ग में ऐसे संस्कारों की अनुमति नहीं है। धार्मिक विश्वासों से समझौता न कर पाने पर महिला ने पारिवारिक न्यायालय नैनीताल में तलाक की अर्जी दी, जो खारिज कर दी गई। इसके विरुद्ध महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

सहमति से बना रिश्ता निराशा पर खत्म हो तो उसे अपराध नहीं मान सकते

कर्नाटक हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली । कर्नाटक हाईकोर्ट ने बलात्कार के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि आपसी सहमति से शुरू हुआ संबंध अगर बाद में असहमति या निराशा के कारण खत्म हो जाए, तो इसे अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।जस्टिस एम. नागप्रसन्न ने सुनवाई में कहा अगर वर्तमान अभियोजन को ट्रायल में जारी रखने की अनुमति दी जाती है, तो यह न्याय की विफलता और कानून के दुरुपयोग के समान होगा। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि किसी रिश्ते के टूटने या असफल होने को आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता, यदि वह प्रारंभ में दोनों की सहमति और इच्छा से स्थापित हुआ था।

मामला क्या था

रिपोर्ट्स के अनुसार, एक महिला और पुरुष की मुलाकात एक डेटिंग ऐप के ज़रिए हुई थी। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर बातचीत शुरू हुई और बाद में वे एक रेस्त्रां में मिले। इसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से एक होटल में संबंध बनाए। कुछ समय बाद महिला ने पुरुष पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। हाईकोर्ट ने पाया कि जांच अधिकारी ने आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच हुई चैट और संवाद को जानबूझकर नजरअंदाज किया। इन चैट्स से यह स्पष्ट था कि दोनों के बीच संबंध आपसी सहमति से बने थे, किसी प्रकार का दबाव या धोखा नहीं था। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि सहमति से बने संबंधों और बलात्कार के बीच एक स्पष्ट कानूनी और नैतिक अंतर होता है। इन तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने आरोपी की याचिका को स्वीकार करते हुए एफआईआर को खारिज कर दिया।

सदी के ताकतवर तूफान ने मचाई भारी तबाही, क्यूबा में 30 लोगों की मौत

राहत शिविरों में 25000 से अधिक लोग

क्यूबा ,क्यूबा, हैती और जमैका 'मेलिसा तूफान की चपेट में आकर तबाही के मंजर में बदल गए हैं। अटलांटिक महासागर में बना यह तूफान सदी के सबसे विनाशकारी तूफानों में से एक माना जा रहा है। अब तक दर्जनों लोगों की मौत, हजारों घरों की छतें उड़ने, और बिजली–संचार व्यवस्था ठप होने की पुष्टि हुई है।

जमैका में तबाही और राहत कार्य

मंगलवार को जब 'मेलिसा ने कैटेगरी–5 तूफान के रूप में जमैका में दस्तक दी, तब हवाओं की रफ्तार 295 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई। तेज़ झोंकों ने घरों की छतें उड़ा दीं, पेड़ उखड़ गए और सड़कें मलबे में तब्दील हो गईं। सेंट एलिजाबेथ जिले के सांता क्रूज़ में भूस्खलन से मुख्य सड़कें बंद हैं। स्कूल और अस्पतालों को राहत शिविरों में बदला गया है, पर कई की छतें उड़ चुकी हैं। शिक्षा मंत्री डाना मॉरिस डिक्सन ने कहा–हमें अब तक वास्तविक नुकसान का अंदाजा नहीं है, कई इलाकों में बिजली और संचार पूरी तरह बंद हैं।

हैती में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग लापता हैं। हैती की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि मृतकों में से 20 और लापता लोगों में से 10 दक्षिणी तटीय कस्बे के हैं, जहां बाढ़ के कारण दर्जनों घर ढह गए। जमैका में भी अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। क्यूबा में बुधवार को कई मकान ढह गए, सड़कें बंद हो गईं और इमारतों की छतें उड़ गईं। सबसे ज्यादा नुकसान दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पश्चिम इलाकों में हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 7.35 लाख लोग अब भी राहत शिविरों में हैं। सैंटियागो डी क्यूबा के निवासी रेनाल्डो चरॉन (52 वर्षीय) ने कहा, वो रात नर्क जैसी थी। पूरी रात बहुत खौफनाक थी। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अब यह श्रेणी–2 का तूफान बन चुका है और यह अगले कुछ घंटों में बहामास में तेज हवाओं और बाढ़ का कारण बन सकता है।

जमैका में राहत शिविरों में 25 हजार से अधिक लोग

जमैका में 25 हजार से अधिक लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। तूफान ने उनके घरों की छतें उड़ा दीं और उन्हें बेघर कर दिया।

सुनियोजित विकास को विवेक से धनराशि खर्च करें: रविशंकर

उत्तरकाशी।नव–निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करते छठवां राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.रविशंकर ने कहा कि आयोग की ओर से बजट खर्च करने को लेकर ग्राम पंचायतों और नगर निकायों पर कोई पाबंदी नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें और नगर निकाय अपने विवेक पर सुनियोजित विकास के लिए धनराशि खर्च कर सकते हैं। पंचायती राज विभाग की ओर से जिला सभागार में नव–निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी पाँच वर्षों के लिए ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के सुनियोजित विकास, विभिन्न विकासात्मक योजनाओं और उनके वित्तीय स्त्रोतों की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा की गई। संवाद के दौरान नव–निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने आयोग से ग्राम प्रधान की तर्ज पर मानदेय दिए जाने की सिफारिश की।

नालंदा में बोले राहुल गांधी, सीएम नीतीश का रिमोट कंट्रोल पीएम मोदी के पास है

बिहारशरीफ । बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उतरे। यहां उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल पीएम नरेंद्र मोदी के पास है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज बिहार की सरकार पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और नागपुर से चल रही है। उन्होंने बिहार के लोगों को मेहनती बताते हुए कहा कि यहां के लोग सभी प्रदेशों में दिखाई देते हैं। बिहार के लोगों ने दुबई, बेंगलुरु, मुंबई जैसे कई शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर को अपने खून–पसीने से बनाया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर बिहार में क्या कमी है कि बिहार के लोगों की यही ऊर्जा और क्षमता बिहार को बनाने में नहीं लग पा रही है? उन्होंने बिहार में पेपर लीक को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि यहां के युवा सपना देखते हैं और उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी करते हैं, लेकिन परीक्षा के पहले ही पेपर लीक हो जाता है। कुछ खास लोगों को परीक्षा के पहले पेपर मिल जाते हैं।

उन्होंने नीतीश कुमार के विकास के दावे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार कहते हैं कि उन्होंने बिहार को बदल दिया है, लेकिन सच्चाई ये है कि बिहार में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। दिल्ली के एम्स में बिहार के लोगों की लंबी लाइन लगी रहती है, जो यहां के अलग–अलग जिलों से वहां इलाज करवाने जाते हैं। उन लोगों का कहना होता है कि कोई बिहार के अस्पताल में इलाज करवाने जाता है, तो वह वापस नहीं आता है। यह बिहार का असली चेहरा है। उन्होंने दिल्ली में यमुना के प्रदूषित होने की चर्चा करते हुए कहा कि एक तरफ मां यमुना बह रही हैं, जिनका पानी गंदा और प्रदूषित है, और दूसरी तरफ पीएम नरेंद्र मोदी के लिए तालाब में साफ पानी भरा गया, यानी दो हिंदुस्तान बन रहे हैं।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने गारंटी देते हुए कहा कि जिस दिन महागठबंधन की सरकार बनेगी, उस दिन विश्व की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी यहां नालंदा में बनेगी। नालंदा पहले भी विश्वभर में शिक्षा का केंद्र था और एक बार फिर नालंदा शिक्षा और रोजगार का केंद्र बनेगा।

लखनऊ में बनेगा 'नौसेना शौर्य संग्रहालय

सीएम योगी बोले,वीरता और सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक होगी यह परियोजना

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित 'नौसेना शौर्य संग्रहालयझ् की प्रस्तुति का अवलोकन करते हुए इसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य शौर्यगाथाओं और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि समुद्र भारत की सभ्यता का मंथन स्थल रहा है और भारतीय नौसेना उस गौरवशाली परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। लखनऊका यह संग्रहालय उसी परंपरा को जन–जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। बैठक में बताया गया कि संग्रहालय का स्वरूप एक जहाज के अमूर्त रूप में होगा। जहाज की रेलिंग, पोथोल जैसी खिड़कियां, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों के साथ इसे विशिष्ट पहचान दी जाने की योजना है। परिसर में इंटरप्रिटेशन सेंटर, सेंट्रल डेक, ओपन एयर मेमोरियल, थीमैटिक वॉकवे, प्रदर्शनी गैलरी, फाउंटेन और लाइट–एंड–साउंड एरिना शामिल होंगे। डिज़ाइन को ऊर्जा–संवेदनशील रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन और हरित निर्माण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि संग्रहालय को केवल देखने योग्य नहीं बल्कि 'अनुभव का केंद्र' बनाया जाए, जहां दर्शक इतिहास को महसूस कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिस्प्ले में डिजिटल, इंटरएक्टिव और इमर्सिव तकनीकों का प्रयोग हो, ताकि लोग नौसेना के अभियान, युद्ध और तकनीकी प्रगति को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि नौसेना संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

सितारगंज में पेट्रोल की बोतल लेकर कॉलेज की छत पर चढ़ी छात्रा

रुद्रपुर)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा गुरुवार को पेट्रोल की बोतल लेकर कॉलेज की छत पर चढ़ गई। इससे कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। उसने अध्यक्ष पद का नामांकन रद्द करने के मामले में कॉलेज प्रशासन पर हाईकोर्ट के निर्णय की अनदेखी का आरोप लगाया। बाद में किसी तरह पुलिस ने समझाकर उसे नीचे उतारा। छात्रा राजविंदर कौर ने बताया कि उसने छात्रसंघ अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने उसका नामांकन खारिज कर दूसरे प्रत्याशी को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया। आरोप लगाया कि उसका नामांकन गलत तरीके से निरस्त किया गया और उसे अपना पक्ष रखने का अवसर नही दिया गया। उसके अनुसार, हाईकोर्ट ने 15 दिन में मामले का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उसके 28 सितंबर और 18 अक्तूबर को आवेदन देने के बावजूद कॉलेज प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज होकर वह गुरुवार को पेट्रोल की बोतल लेकर छत पर चढ़ गई। इससे कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर छात्र–छात्राओं की भीड़ जुट गई।

सिडकुल में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र में एक युवती ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भवती होने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सिडकुल पुलिस ने गुरुवार को केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओ नितेश शर्मा के मुताबिक नवोदय नगर निवासी एक 26 वर्षीय युवती ने शिकाय कर बताया कि वह पेशे से एक कंपनी में नौकरी करती है। उसी मकान की ऊपरी मंजिल पर अंकित गुर्जर रहता, जो विभिन्न कंपनियों में ठेकेदारी का कार्य करता है। आरोप है कि जनवरी 2024 में अंकित ने उससे दोस्ती बढ़ाई और शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन युवती के मना करने पर उसने जबरदस्ती पैर पकड़ लिए और आत्महत्या की धमकी दी। युवती ने हां कर दी। इसके बाद दोनों के बीच मुलाकातें बढ़ने लगी। आरोप है कि मार्च 2025 में अंकित ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया, जिससे वह बेहोश हो गई। होश आने पर उसे पता चला कि

आरोपी ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए हैं। इसके बाद भी आरोपी ने कई बार उसके साथ संबंध बनाए, जिससे वह छह माह की गर्भवती हो गई। जब उसने गर्भवती होने की बात अंकित को बताई तो आरोपी भड़क गया और उसे गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। युवती ने बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर बार–बार उसके साथ दुष्कर्म किया, अब मुकर गया है। पीड़िता मूल रूप से पिलक सराय जिला अमरोहा की रहने वाली है और कई सालों से हरिद्वार के सिडकुल में किराए पर रहकर नौकरी करती है।

भारत के निर्यात को बेहतर बनाने के लिए हम सस्टेनेबल ग्रोथ के नए रास्ते खोलने के लिए प्रतिबद्ध : पीयूष गोयल

नई दिल्ली ,केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अलग–अलग सेक्टर्स के एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में भारत की निर्यात को बढ़ाने से जुड़ी रणनीतियों पर चर्चा की गई।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म एक्स पर लिखा, मैंने अलग–अलग सेक्टर के एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईपीसी) और इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ एक मीटिंग की अध्यक्षता की, जिसका फोकस भारत के एक्सपोर्ट ग्रोथ को बढ़ाने की रणनीतियों पर था। केंद्रीय मंत्री गोयल ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि चर्चा के मुख्य बिंदुओं में अधिक मार्केट एक्सेस के लिए एफटीए का इस्तेमाल करना, वैल्यू एडिशन बढ़ाना, मार्केट डाइवर्सिफिकेशन का विस्तार करना और सेक्टोरल तालमेल को मजबूत करना शामिल था। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा, हम भारत के निर्यात को बेहतर बनाने के लिए क्वालिटी–ड्रिवन और सस्टेनेबल ग्रोथ के नए रास्ते खोलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस वर्ष अप्रैल–सितंबर के दौरान कुल निर्यात (मर्चेंडाइस और सर्विस) 413.30 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जबकि बीते वर्ष 2024 की अप्रैल–सितंबर अवधि में यह 395.71 बिलियन डॉलर था। वहीं, सितंबर में भारत का कुल निर्यात (मर्चेंडाइस और सर्विस) 67.20 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो सितंबर 2024 की तुलना में 0.78 प्रतिशत की सकारात्मक बढ़त को दिखाता है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गोयल ने न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ एक प्रोडक्टिव वर्चुअल मीटिंग की।

पंजाब के पूर्व डीजीपी भुल्लर पर सीबीआई का शिकंजा

चंडीगढ़ , रिश्वतखोरी के मामले में फंसे पंजाब के पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने भुल्लर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का एक नया मामला दर्ज कर लिया है। सीबीआई ने भुल्लर को इसी महीने 16 अक्टूबर को एक रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वह चंडीगढ़ की बुड़ैल जेल में बंद हैं। इस मामले में एक और बड़ा घटनाक्रम हुआ है। सीबीआई ने मामले में बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले कृष्णु को पहली बार 9 दिन के रिमांड पर लिया है। यह रिमांड भुल्लर की 14 दिन की न्यायिक हिरासत खत्म होने से ठीक दो दिन पहले मिला है। अब 31 अक्टूबर को भुल्लर की अदालत में पेशी होनी है, जहां इस नए मामले से उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों के बीच—सैन्य धाम को लेकर विवाद...

पीएमओ को भेजा गया शिकायत पत्र, जांच की मांग

देहरादून। राज्य स्थापना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड दौरे की चर्चाएं तेज़ हैं। माना जा रहा है कि इस दौरान प्रधानमंत्री उत्तराखंड के पाँचवें धाम के रूप में बनाए गए सैन्य धाम का उद्घाटन भी कर सकते हैं।

लेकिन उद्घाटन से पहले ही इस परियोजना को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एडवोकेट और आरटीआई एक्टिविस्ट विकेश सिंह नेगी ने प्रधानमंत्री कार्यालय को एक पत्र भेजकर सैन्य धाम के निर्माण में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। एडवोकेट नेगी ने अपने पत्र में लिखा है कि देहरादून के गुनियाल गांव में नवनिर्मित सैन्य धाम का निर्माण भ्रष्टाचार के साये में किया गया है। उनका कहना है कि कार्यदायी संस्था और विभागों ने प्रधानमंत्री कार्यालय को गुमराह करते हुए नियमों की अनदेखी की। उन्होंने अपने पत्र के साथ कई दस्तावेज़ भी संलग्न किए हैं, जिनमें परियोजना से जुड़ी डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट), कार्य आवंटन और भूमि उपयोग से संबंधित कागजात शामिल हैं। नेगी का आरोप है कि जिस भूमि पर सैन्य धाम बनाया गया है, वह वन विभाग की भूमि है, जिसे नियमानुसार स्थानांतरित नहीं किया जा सकता था।

एडवोकेट नेगी ने इस मामले में राष्ट्रपति को भी एक अलग पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि परियोजना की वास्तविक स्थिति से प्रधानमंत्री कार्यालय को अंधेरे में रखा गया है। विकेश नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके रोल मॉडल हैं, जो हमेशा भ्रष्टाचार मुक्त भारत की बात करते हैं। उन्होंने अपील की कि प्रधानमंत्री को ऐसे सैन्य धाम का उद्घाटन नहीं करना चाहिए, जिसके निर्माण में अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री से निवेदन करता हूँ कि वे इस परियोजना का उद्घाटन न करें और पहले इसकी निष्पक्ष जांच करवाई जाए,

— विकेश सिंह नेगी, एडवोकेट व आरटीआई एक्टिविस्ट

हाईकोर्ट में दायर होगी जनहित याचिकाः विकेश नेगी अब इस मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करने की तैयारी में हैं।

सम्पादकीय

शराब बिक्री प्राथमिकता पर

उत्तराखंड से इन दोनों एक प्रकरण सामाजिक व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर रहा है, जिसमें राज्य की आर्थिक स्थिति को शराब की बिक्री से जोड़कर देखा जा रहा है। मामला टिहरी जनपद के कुंभ क्षेत्र मुनि की रेती से जुड़ा हुआ है जहां एक शराब की दुकान खुलने के बाद स्थानीय लोग और उत्तराखंड क्रांति दल विरोध में दुकान के आगे धरना दे रहा है। पिछले तीन दिन से शराब की इस दुकान को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है और जिस प्रकार से भारी पुलिस बल शराब की दुकान खुलवाने को लेकर प्रयास रत है उसने शराब शराब की बिक्री को उत्तराखंड के लिए कितना जरूरी है, इस की महत्वत्ता को उजागर कर दिया है। असल में स्थानीय लोग उस स्थान पर जहां दुकान खुली है उसे कुंभ क्षेत्र और गंगा से कुछ दूरी पर बता रहे हैं। दुकान खोलने के पीछे एक प्रभावी मंत्री का हाथ भी बताया जा रहा है और कहीं ना कहीं ऐसा लगता है कि पूरा प्रशासन इस प्रकरण में शराब की दुकान हर हाल में खुलवाने को लेकर आमादा है। विरोध के बाद पहले दुकान को सील कर दिया गया था लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस पर पड़ रहे दबाव के बाद दुकान के ताले खुलवा दिए गए। यह बेहद दुख भरा विषय है कि व्यापक विरोध के बावजूद न जाने क्यों इसी स्थान पर प्रशासन दुकान को चालू रखने के पक्ष में है जिससे कि पूरा माहौल खराब हो रहा है और उत्तराखंड की छवि भी खंडित हो रही है। वर्ष 2000 में उत्तराखंड का गठन होने के बाद से ही राज्य अपने आर्थिक संसाधनों में खनन और आबकारी को एक महत्वपूर्ण अर्जित आय के रूप में देख रहा था तो राज्य बनने के बाद यही दोनों विभाग सबसे अधिक चर्चाओं में रहे। निश्चित तौर पर दोनों ही विभाग से सरकार को एक मोटा राजस्व प्राप्त होता है लेकिन बात करें शराब की बिक्री की तो यह एक बड़ी सामाजिक समस्याभी है जिससे समूचा उत्तराखंड ग्रस्त है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस दुकान को यहां से कहीं और शिफ्ट किया जाए लेकिन स्थिति यह हो गई है कि शराब की बिक्री के लिए इतना भारी पुलिस बल तैनात किया गया है मानो उससे महत्वपूर्ण काम प्रशासन के पास रह ही नहीं गया है। वैसे तो राज्य गठन के बाद से ही उत्तराखंड में पूर्ण शराबबंदी की मांग की गई थी लेकिन राजकोष भरने वाले शराब के धंधे को भला यहां की सरकार कैसे नकारती। हर वर्ष शराब बिक्री का लक्ष्य बढ़ता ही चला गया और शराब की दुकानों को लेकर मारामारी भी। राज्य सरकार को अब इस प्रकरण में पहल करनी चाहिए और जब बड़े स्तर पर किसी गलत चीज का विरोध हो रहा हो तो जनभावनाओं का आदर करते हुए उस पर प्राथमिकता से निर्णय लेना चाहिए। सीएम धामी ने जिस प्रकार से क्षेत्र स्थल पर स्वयं जाकर छात्रों के आंदोलन को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की थी इसी प्रकार से उन्हें इस प्रकरण में भी कदम उठाना चाहिए। समूचे उत्तराखंड में शराब की लत से लोग बर्बाद हो रहे हैं, पहाड़ों में तो स्थिति और भी अधिक खराब है और यही कारण है कि लगातार शराब की दुकानों को खोलने का विरोध किया जा रहा है। एक शराब की दुकान खोलने के लिए तमाम पुलिस फोर्स को रोकने का यह प्रकरण काफी चिंता जनक है और यह तो स्पष्ट हो चुका है कि राज्य सरकार शराब की बिक्री को अपनी सवीच्च प्राथमिकताओं में रखती है, भले ही समाज में इसके दुष्प्रभाव व्याप्त हो रहे हो लेकिन राजकोषीय घाटे में कमी नहीं आनी चाहिए।

तमाम सभ्यताओं का जन्म नदियों के किनारे ही हुआ

डॉ. विभा नायक

नदियां किसी भी संस्कृति का प्राण तत्त्व हैं। विभिन्न संस्कृतियों के जन्म और उनके विकास का आधार यही नदियाँ हैं जो अपने अमृत से अपनी संततियों में जीवन रस का संचार करती हैं।

विश्व का इतिहास साक्षी है कि तमाम सभ्यताओं का जन्म नदियों के किनारे ही हुआ है। नदियों के निकट की उर्वर भूमि, जल की निरंतर उपलब्धता, प्राकृतिक संपदा और संसाधन और इन सबसे प्रभावित और संतुलित ऋतु चक्र के कारण ही सभ्यताओं को फलने–फूलने के लिए सबसे उत्तम स्थान नदियों के किनारे ही मिला। यही कारण है कि प्रकृति एवं पंच शक्ति पूजक हम भारतीयों के लिए नदी केवल जल की एक धारा मात्र नहीं रही, बल्कि वह उस विराट मातृ शक्ति का रूप भी है, जिसका कार्य ही है अपनी संततियों का पालन और पोषण करना। किन्तु आज की स्थितियों में हम पाते हैं कि हमने नदियों से लिया तो बहुत कुछ है किन्तु बदले में उन्हें हम कुछ दे नहीं पाए हैं, सिवाय अस्वच्छता के।

भारत में 200 से अधिक छोटी बड़ी नदियाँ हैं। कुछ आँकड़ों के अनुसार यह संख्या 400 के आस पास है। जिनमें कुछ मुख्य और कुछ सहायक नदियाँ हैं तो कुछ छोटी और बरसाती नदियाँ हैं। इन नदियों का धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से बड़ा महत्व रहा है। कुम्भ स्नान, गणोश चतुर्थी, कार्तिक स्नान, मकर संक्रांति में डुबकी और छठ पर्व के अतिरिक्त विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी नदियों की पूजा और उनमें डुबकी लगाने का विधान है, शुभ कार्यों, पूजन के भोग और पंचामृत में गंगा जल का क्या महत्व है, इससे तो सभी परिचित ही हैं तो मोक्ष प्राप्ति के लिए सनातन काल से अस्थि विसर्जन भी इन्हीं नदियों में ही होता आया है। सीधा सा अर्थ है कि भारतीय नदियों का संबंध भारत की सनातन चेतना, परंपरा और आस्था से तो है ही औद्योगिक और अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी इनका बहुत महत्व है।

किन्तु विगत कुछ वर्षों में देखा गया है कि तीव्र गति से हो रही जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिक विकास, घरेलू एवं कृषि क्षेत्र में बढ़ते दबावों के कारण जल की मांग अत्यधिक बढ़ी है, जिससे पेय जल की समस्या का संकट खड़ा तो हुआ ही है, जल की गुणवत्ता में भी कमी आई है। हमारी नदियाँ तीव्र गति से प्रदूषित हो रही हैं। विभिन्न खतरनाक तत्व जिसमें अमोनिया, नाइट्रेट और फॉस्फेट जैसे उर्वरक, डिटर्जेंट, तेल और हाइड्रोकार्बन, कैडमियम, पारा, सीसा जैसे रासायनिक कचरे, स्टायरोफोम, प्लास्टिक और पोलीथिन सम्मिलित हैं, नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार प्रतिदिन 60 प्रतिशत से अधिक अशोधित जल भी सीधे नदियों में जाता है। सीधी सी बात है कि नदियों में बढ़ते प्रदूषण का यह स्तर न केवल नदी की जैविकी को नुकसान पहुँचा रहा है बल्कि आम जन–जीवन को भी प्रभावित कर रहा है।

हालांकि भारत सरकार द्वारा नदियों के लिए कई योजनाएँ भी चलाई जा रही हैं जिनमें राष्ट्रीय नदी संरक्षण, गंगा एक्शन प्लान, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे, यमुना सफाई अभियान प्रमुख हैं किन्तु ये योजनाएँ तभी सफल हो सकती हैं, जबकि लोक चेतना और उसमें भी नारी शक्ति उससे जुड़ी हो। संभवतः इसी विचार से जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान का आरंभ किया।

जिसका आदर्श वाक्य है– जीवन के लिए पानी का सम्मान। चूँकि जल प्रबंधन का कार्य घरों में महिलाएँ ही संभालती हैं। जल के महत्व और उसका प्रबंधन स्त्रियाँ बहुत कुशलता से करती हैं, अतः जल संरक्षण का कार्य महिलाओं को सौंपा जाना सही दिशा में उठाया गया कदम है। इस संबंध में सबसे अच्छी बात यह है कि इस योजना का उद्देश्य जल संरक्षण के क्षेत्र में स्त्रियों की भागीदारी को मान्यता देना, उन्हें जमीनी स्तर से आगे लाकर राष्ट्रीय नेतृत्व से जोड़ना और इस प्रकार दूसरों को जल सुरक्षित भविष्य से जोड़ने का क्रांतिकारी विचार भी सम्मिलित है। इसी योजना के अंतर्गत 36 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस संबंध में राष्ट्रपति डॉ द्रौपदी मुर्मू का कथन है कि–

देश में स्वच्छता अभियान और स्वच्छ पेय जल जैसी लोगों से जुड़ी देशव्यापी योजनाओं की सफलता में देश की महिला शक्ति की भूमिका अहम है और इस अभियान का आधार नारी है।

इसी योजना के अन्तर्गत महिलाओं को प्रशिक्षित और जागरूक भी किया जा रहा है, जिसका असर ज़मीनी स्तर पर भी देखा जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में भी देखें तो महिलाएँ प्लास्टिक और पॉलिथीन के प्रयोग से बचने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही हैं। प्लास्टिक की बोतलें जो जल और समग्र प्रकृति के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हैं, महिलाएँ उनसे गुलदस्ते बनाकर कर स्व–रोजगार को भी बढ़ावा दे रही हैं। इसी प्रकार ग्रे वाटर प्रबंधन की व्यवस्था, जिससे नालियों से निकलने वाला पानी पीने के पानी को दूषित न करे और जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित हो, इस दिशा में भी महिलाएँ बड़ी संख्या में आगे आ रही हैं। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों जैसे यमुना की स्वच्छता में भी दिल्ली की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कई स्वयं सेवी संस्थान जिनमें बड़ी संख्या में स्त्रियाँ भी हैं, महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

केवल इतना ही नहीं स्त्रियों के नेतृत्व में नदियों और जल प्रबंधन से सबंधित और भी कार्य हो रहे हैं, जिसका एक उदाहरण हैं भारतीय वैज्ञानिक डॉ नीलिमा गुप्ता, जिन्होंने लगभग चार दशक से अधिक समय तक गंगा नदी के प्रदूषण पर शोध करके प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, डब्लूडब्लू एफ, एनजीटी को अपने शोध से परिचित कराया और इससे सम्बद्ध कई परियोजनाएँ भी संचालित कीं। नदियों में बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर उनका कहना है कि नदियों में बढ़ते प्रदूषण के कारण परजीवी बढ़ रहे हैं। जलीय जीवन इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिसका कुप्रभाव पर्यावरण और स्वास्थ्य के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है।

इसी प्रकार सी टू सोर्स गंगा नदी अभियान में भारत और बांग्लादेश में गंगा नदी में प्लास्टिक प्रदूषण का अध्ययन करने वाली महिला टीम भी महत्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य भी नदियों विशेषकर गंगा में बढ़ते प्रदूषण और उसके कारण समुद्र में निरंतर बढ़ते प्लास्टिक और अन्य प्रकार के कचरे की ओर ध्यान दिलाना है, जिसके कारण पारिस्थितिकी तंत्र और जलीय जीव बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

कुल मिलाकर देखें तो नदियों की सुरक्षा और स्वच्छता की दिशा में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। किन्तु यह भी सच है कि यह अभी आरंभिक चरण में ही है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि स्त्री किसी भी परिवार और समाज की धुरी होती। सभी पर्व और त्योहारों के केंद्र में भी स्त्री की ही भूमिका रहती है, तो ऐसे में सामाजिक और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों में स्त्री यदि नेतृत्वकारी भूमिका में आती है तो निश्चय ही इसका स्वागत होना चाहिए और प्रयास यह भी होना चाहिए कि जल संरक्षण और प्रकृति से जुड़े विषयों में स्त्रियों की भागीदारी और बढ़ सके।

कलंक को धोकर खेल की गरिमा बहाल करें

गत दिनों एशिया कप का फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांचक अवसर था। उपमहाद्वीप में जब–जब ये दोनों टीमें आमने–सामने होती हैं, तो इसे महज एक खेल नहीं, बल्कि करोड़ों दर्शकों के जज्बातों का संगम माना जाता है।

ऐसे में उम्मीद थी कि यह फाइनल न केवल खेल कौशल का प्रदर्शन करेगा बल्कि खेलभावना की मिसाल भी पेश करेगा। मगर अफसोस कि मुकाबले के अंत में सबसे ज्यादा चर्चा खेल के नतीजे की नहीं, बल्कि ट्रॉफी वितरण के दौरान उपजे विवाद की रही। यह विवाद न केवल आयोजन समिति की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है, बल्कि खिलाड़ियों और क्रिकेट संस्थाओं की परिपक्वता पर भी। ट्रॉफी किसी भी टूर्नामेंट की आत्मा कही जा सकती है।

यह केवल धातु का ढांचा नहीं, बल्कि उस मेहनत, संघर्ष और टीम भावना का प्रतीक है जिसके लिए खिलाड़ी महीनों तक पसीना बहाते हैं। जब उसी ट्रॉफी को लेकर मंच पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो यह दृश्य दर्शकों के मन में निराशा और खेल की गरिमा पर प्रश्नचिह्न छोड़ जाता है। एशिया कप जैसे भव्य टूर्नामेंट में यह और भी अस्वीकार्य है। जिस क्षण को उत्सव होना चाहिए था, वह असहमति और अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया।

भारत–पाकिस्तान संबंधों का बोझ क्रिकेट हमेशा ढोता आया है। लेकिन खेल को हमेशा इन तनावों से ऊपर बताया गया है। यह मंच आपसी कटुता को पीछे छोड़कर सद्भाव और सम्मान का संदेश देने का अवसर देता है। किंतु जब ट्रॉफी वितरण जैसे अवसर पर भी शिष्टाचार और खेलभावना की कमी दिखे तो यह साफ संकेत है कि आयोजकों और खिलाड़ियों दोनों को आत्ममंथन की आवश्यकता है। यह केवल दो टीमों के बीच विवाद नहीं, बल्कि पूरे एशियाई क्रिकेट की छवि पर चोट है।

इस घटना ने आयोजन समिति की तैयारी और निष्पक्षता पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। किसी भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की सफलता केवल मैदान पर खेले गए मैचों से नहीं, बल्कि उसके समापन के सुचा आयोजन से भी आंकी जाती है। यदि उस निर्णायक क्षण में भ्रम और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो यह पूरे टूर्नामेंट की छवि धूमिल कर देता है। खिलाड़ियों के लिए भी यह क्षण आत्मचिंतन का है। वे केवल अपने खेल से ही नहीं, बल्कि अपने आचरण से भी नई पीढ़ी को प्रेरित करते हैं। यदि मंच पर असहमति और विवाद दिखे तो इससे दर्शकों में गलत संदेश जाता है। क्रिकेट को जेंटलमैन गेम कहा जाता है, और उसकी गरिमा बनाए रखना हर खिलाड़ी की जिम्मेदारी है।

ट्रॉफी जीतना निस्संदेह गौरव की बात है, किंतु खेल की मर्यादा बनाए रखना उससे कहीं बड़ा दायित्व है। यदि आयोजन समिति और खिलाड़ी इस घटना से सबक नहीं लेते तो भविष्य में ऐसे विवाद बार–बार क्रिकेट की छवि को आहत करेंगे। खेल को राजनीति और अहंकार से ऊपर रखना ही उसकी असली आत्मा है। स्पष्ट है कि एशिया कप फाइनल में ट्रॉफी का विवाद एक शर्मनाक दृश्य था। इसने खेल के उस उज्ज्वल क्षण को कलंकित कर दिया जिसे आने वाले वर्षों तक यादगार होना चाहिए था। अब यह क्रिकेट संस्थाओं और खिलाड़ियों पर है कि वे इस कलंक को धोकर खेल की गरिमा बहाल करें।

बिहार में विधानसभा चुनावों में जाति व्यवस्था या महिला सशक्तिकरण का प्रश्न?

अजय दीक्षित

बिहार विधानसभा चुनावों में जातियों का ध्रुवीकरण हो रहा है। हालांकि यह बात नई नहीं है क्योंकि बिहार देश की सामाजिक न्याय और जाति व्यवस्था की प्रयोगशाला है। केंद्रीय सरकार ने पूरे देश में जनगणना कराई है उसमें जाति गत ब्यौरा भी है।

बिहार में जाति गणना के परिणाम आगये है । अति पिछड़ी जातियों की संख्या 36.87 फीसदी है जबकि पिछड़ी जाति 27, अगड़ी जातियों 15.25 , यादव 14.89 ,मुस्लिम 17.42 फीसदी है। छोड़ी जातियों कुर्मी, निषाद, कोइरी,है । अनुसूचित जाति 19.05 और जनजाति 1.68 फीसदी है।

कुल आबादी तेरह करोड़ से अधिक है। अगड़ी जातियों में ब्राह्मण 3.75, भूमिहार 5.25 राजपूत 3.95, वैश्य 2.12 फीसदी हैं।

राजनीतिक रूप से बिहार में मगध, पटना, बेगुसराय, दरभंगा क्षेत्र है।इन क्षेत्रों में 38 जिले ,101, अनुभाग और 243 विधानसभा सीट है। मुख्य भाषाओं में भोजपुरी, मैथिली,प्रमुख हैं। बिहार विधानसभा चुनावों में जातियों के गणित को भारतीय जनता पार्टी जैसी राजनीतिक दल भी नकार नहीं रहे हैं हालांकि ऐसा नहीं है कि चुनाव में बिहार में ही जाति व्यवस्था के आधार पर राजनीतिक दलों ने गठबंधन किया है प्रत्येक राज्य में ऐसा होता है लेकिन उसकी सीमा होती है। महागठबंधन में राजद माई फैक्टर को लेकर चल रही है और उसका कोर मतदाता मुस्लिम और यादव है जिनका जोड़ 32 फीसदी के आसपास है। लेकिन माई फैक्टर में से यादव वोट बिखर सकता है और कुछ उम्मीदवार के हिसाब से डाल सकते हैं। लेकिन मुस्लिम मत भी नीतीश कुमार के पक्ष में जा सकता है।ह्ल्ल की ओर से 101 सीट पर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू चुनाव लड़ रही है वहीं नीतीश कुमार के जेडीयू उम्मीदवार को भारतीय जनता पार्टी का स्वर्ण वोट ,अति पिछड़ी जातियों का वोट मिलता रहा है। भारतीय जनता पार्टी भी 101 सीट पर

राजनीतिक रूप से बिहार में मगध, पटना, बेगुसराय, दरभंगा क्षेत्र है।इन क्षेत्रों में 38 जिले ,101, अनुभाग और 243 विधानसभा सीट है। मुख्य भाषाओं में भोजपुरी, मैथिली,प्रमुख हैं। बिहार विधानसभा चुनावों में जातियों के गणित को भारतीय जनता पार्टी जैसी राजनीतिक दल भी नकार नहीं रहे हैं हालांकि ऐसा नहीं है कि चुनाव में बिहार में ही जाति व्यवस्था के आधार पर राजनीतिक दलों ने गठबंधन किया है प्रत्येक राज्य में ऐसा होता है लेकिन उसकी सीमा होती है। महागठबंधन में राजद माई फैक्टर को लेकर चल रही है और उसका कोर मतदाता मुस्लिम और यादव है जिनका जोड़ 32 फीसदी के आसपास है। लेकिन माई फैक्टर में से यादव वोट बिखर सकता है और कुछ उम्मीदवार के हिसाब से डाल सकते हैं।

चुनाव लड़ रही है उसको गैर यादव पिछड़ी जातियों,स्वर्ण वोट, मिल सकते हैं लेकिन यह तय है कि मुस्लिम मतदाता भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए वोट करेगा । कांग्रेस 61 सीट पर चुनाव लड़ रही है उसे मुस्लिम ,यादव,अति पिछड़ी जातियों, स्वर्ण वोट भी मिल सकता है लेकिन कांग्रेस के पास प्रचारकों की कमी है और महागठबंधन के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा कोई प्रचारक नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेषकर 48 फीसदी मतदाता महिलाओं में बहुत लोकप्रिय हैं।अगर अन्य राज्यों की तरह ये वोटर सक्रिय हो जाता है तो ह्ल्ल की बढ़त निश्चित है। हिंदुस्तान के प्रधान संपादक शशि शेखर का कहना है कि नीतीश कुमार सरकार जिन एक करोड़ महिलाओं को दस दस हजार रुपए दिए हैं स्वसहायता समूह चलाने के लिए यह मुद्दा बिहार की तीन करोड़ नब्बे लाख महिलाएं मतदाता में बहुत ही महत्वपूर्ण रोल प्ले करने वाला है। यद्यपि तेजस्वी यादव ने भी जीविका दीदियों को ३०० प्रति महीने देने का वायदा किया है अब ये चुनाव में ही मालूम पड़ता है कि किसका वायदा महिलाओं में लोकप्रिय होता है। शशि शेखर ने कहा कि राजद का कोर मतदाता यादव तेजस्वी की कमजोरी भी है क्योंकि इस तबके को बिहार का बाहुबली माना जाता है और अन्य जातियां इसके खिलाफ मतदान करती हैं। बिहार में नीतीश कुमार की इमेज भी एक फैक्टर है। उन्होंने शासकीय नौकरी में 27 फीसदी आरक्षण दिया है।इससे पुलिस बल, शिक्षा विभाग में महिलाओं की संख्या बढ़ रही है।यह भी महिला सशक्तिकरण का अंग है।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के नाम पर ही चुनाव जीता। झारखंड में जेएमएम ने भी यही तरीका अपनाया था। अन्य मुद्दों पर गौर करें तो यह मालूम होता है कि कानून व्यवस्था,विकास,के मामले में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में पहली पसंद बने हुए हैं। केंदीय योजनाओं का लाभ भी जैसे प्रधानमंत्री सड़क, राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण की सड़क परियोजना, हवाई अड्डे के निर्माण कार्य में बिहार को केन्द्रीय मदद मिली है।

फर्स्ट कॉपी 2 का टीजर जारी, फिर पायरेसी की दुनिया में लौटेंगे मुनव्वर फारूकी

स्टैंड अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी अपनी अदाकारी से पहले ही दर्शकों के दिलों में उतर चुके हैं। उनकी बेव सीरीज फर्स्ट कॉपी इसी साल 2025 में रिलीज हुई थी। सीरीज को दर्शकों का बखूबी प्यार मिला था, जिसे देखते हुए मेकर्स ने इसकी दूसरी किस्त फर्स्ट कॉपी 2 का टीजर जारी कर दिया है। इसके जरिए कॉमेडियन एक बार फिर पायरेसी की दुनिया में उतरने वाले हैं। फर्स्ट कॉपी 2 के ट्रेलर रिलीज की तारीख भी जारी हो गई है।

फर्स्ट कॉपी 2 के 36 सेकेंड के टीजर की शुरुआत रजा मुराद की आवाज से होती है, जो आरिफ (मुनव्वर) से कहते हैं कि जिस नर्क में तुम जा रहे हो, वहां का शैतान बहुत बड़ा है। इसके बाद सीरीज की पूरी कास्ट दिखाई जाती है। गुलशन ग्रोवर की वापसी के साथ सीरीज में क्रिस्टल डिसूजा, आशी सिंह, शाकिब अयूब, इनामुल हक और मियांग चेंग भी अहम किरदार में हैं। 29 अक्टूबर को फर्स्ट कॉपी 2 का ट्रेलर रिलीज होगा।

ऑस्ट्रेलिया बनाम भारतः दूसरे टी–20 मुकाबले का प्रीव्यू और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

नईदिल्ली,ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 5 टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला शुक्रवार (31 अक्टूबर) को खेला जाएगा। 5 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। ऐसे में दूसरे मुकाबले में दोनों टीमें नए जोश के साथ मैदान पर उतरना चाहेंगे। सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम के कप्तान होंगे और कंगारू टीम की कमान मिचेल मार्श संभालेंगे। आइए मुकाबले का प्रीव्यू और अन्य महत्वपूर्ण बातों पर नजर डालते हैं। टी–20 में दोनों के बीच 33 मैच खेले गए, जिसमें से 20 में भारत और 11 में कंगारू टीम को जीत मिली है। 2 मैच में नतीजा नहीं निकला है। भारत में खेले गए 15 मुकाबलों में 10 में भारत और 5 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है। ऑस्ट्रेलिया में 13 मुकाबलों में 7 में भारत और 4 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है। तटस्थ स्थान पर 5 मैचों में 3 में भारत और 2 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। दूसरे टी–20 मुकाबले में भारतीय टीम प्लेइंग इलेवन में बड़ा बदलाव नहीं करना चाहेगी। कप्तान सूर्यकुमार ने पहले मैच में अपना खोया हुआ फॉर्म प्राप्त किया था। उनके बल्ले से 39 रन निकले थे। एक बार फिर वह अच्छी

पारी खेलना चाहेंगे। अभिषेक शर्मा से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी। भारत की संभावित एकादशः अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत को कड़ी टक्कर देते हुए नजर आ सकती है। टीम के कप्तान मार्श कमाल के फॉर्म में चल रहे हैं। वहीं, ट्रेविस हेड भी दूसरे मुकाबले में ताबड़तोड़ पारी खेलना चाहेंगे। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड से भी काफी उम्मीदें होंगी। ऑस्ट्रेलिया की संभावित एकादशः मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), टिम डेविड, मिचेल ओवेन, मार्कस स्टोइनिस, जोश फिलिप, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू क्यूनेमैन और जोश हेजलवुड।

भारत के लिए अभिषेक ने पिछले 10 मैचों में 49.7 की औसत से 497 रन बनाए हैं। तिलक ने 10 मैचों में 47.4 की औसत से 237 रन अपने नाम किए हैं। इसी तरह वरुण चक्रवर्ती ने 8 मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए मार्श ने पिछले 10 मैचों में 46 की औसत से 322 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में हेजलवुड ने 6 मैचों में 9 विकेट लिए हैं। खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

बाहुबलीः द एपिक ने एडवांस बुकिंग में गाड़े झंडे

एसएस राजामौली और प्रभास की फिल्म बाहुबली अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर चुकी है। इस जश्न को मनाने के लिए मेकर्स बाहुबलीः द एपिक लेकर आए हैं, जिसकी रिलीज में सिर्फ 3 दिन बाकी रह गए हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग चालू हो चुकी है और कमाई के ताजा आंकड़े भी सामने आ गए हैं। प्रभास अभिनीत फिल्म ने रिलीज से पहले एडवांस बुकिंग में झंडे गाड़ने शुरू कर दिए हैं। आइए कमाई पर डालते हैं एक नजर। रिपोर्ट के मुताबिक, बाहुबलीः द एपिक ने एडवांस बुकिंग में 5 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म जगत के लिए वाकई बड़ी उपलब्धि है। प्रभास की फिल्म ने भारत में 2.5 करोड़ रुपये कमाए हैं, जबकि विदेशी बाजारों से 2.5 करोड़ रुपये झटके हैं। बाहुबलीः द एपिक टिकट काउंटरों पूरी तरह खुलने से पहले लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। आने वाले दिनों में कुल अग्रिम बिक्री और भी अधिक बढ़ सकती है।

बाहुबलीः द एपिक का प्रीमियर भारत में 30 अक्टूबर के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर 29 अक्टूबर को होगा।

यामी गौतम और इमरान हाशमी की फिल्म हक का ट्रेलर रिलीज

बालीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी कोर्टरूम ड्रामा फिल्म हक का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया। इस आगामी फिल्म की कहानी शाह बानो बेगम केस पर आधारित है, जिसने अपने हक के लिए पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। काफी समय से इमरान और यामी की इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा बनी हुई है। आइए जानते हैं कि हक का ट्रेलर देखने के बाद लोगों ने क्या कहा है। हक का ट्रेलर देखने के बाद लोगों का कहना है कि यामी ने अपने अभिनय से चौंका दिया है। उन्होंने ट्रेलर देखने वाले हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। एक यूजर ने लिखा, कितना शक्तिशाली प्रदर्शन है का ट्रेलर में।

17 वर्षीय खिलाड़ी की गर्दन पर गेंद लगने से मौत, देश में शोक की लहर

नईदिल्ली,ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में एक 17 वर्षीय क्लब क्रिकेट खिलाड़ी बेन ऑस्टिन की मंगलवार को अभ्यास के दौरान गेंद लगने से मौत हो गई। इस हादसे के दौरान ऑस्टिन नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे थे। जहां उन्हें साइडआर्म (वॉन्गर) से फेंकी गई गेंद गर्दन पर लगी। वह हेलमेट पहने हुए थे, लेकिन उसमें स्टेम गार्ड नहीं था। गंभीर स्थिति में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ऑस्टिन को अस्पताल में लाइफ सपोर्ट पर रखा गया था, लेकिन गुरुवार सुबह उनका निधन हो गया। उनके पिता जैस ऑस्टिन ने कहा, हम अपने प्यारे बेटे के निधन से बेहद दुखी हैं, जिसने गुरुवार सुबह हमें हमेशा के लिए छोड़ दिया। यह त्रासदी हमारे लिए असहनीय है, लेकिन हमें इस बात से थोड़ी सांत्वना है कि वह वही कर रहा था जो उसे सबसे ज्यादा पसंद था। क्रिकेट उसकी जिंदगी की सबसे बड़ी खुशियों में से एक था। परिवार ने इस बारे में आगे कहा, हम अपने उस साथी खिलाड़ी का भी

समर्थन करना चाहते हैं जो नेट्स में गेंदबाजी कर रहा था। इस हादसे ने 2 युवाओं की जिंदगी को गहराई से प्रभावित किया है।

हमारी संवेदनाएं उसके और उसके परिवार के साथ हैं। इस दुखद घटना के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और क्रिकेट विक्टोरिया ने ऑस्टिन के परिवार तथा हादसे से प्रभावित सभी लोगों को सहयोग और मानसिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। क्रिकेट विक्टोरिया के मुख्य कार्यकारी निक कमिंस ने हादसे की फिलिप ह्यूज की दुर्घटना से की। ह्यूज की भी गर्दन पर गेंद लगने से मौत हो गई थी। उन्होंने कहा, अभी नियमों या सुरक्षा उपायों, जैसे सभी स्तरों पर स्टेम गार्ड को अनिवार्य करने पर चर्चा करना जल्दबाजी होगी। हम ऑस्टिन के परिवार, फरनट्री गली क्रिकेट क्लब और पूरे विक्टोरियन क्रिकेट समुदाय की ओर से बेहद दुखी हैं। यहहम सभी के लिए गहरा सदमा और अपूरणीय क्षति है। सीए चेयरमैन माइक बेयर्ड ने मेलबर्न में कहा, यह त्रासदी पूरे देश को झकझोर देगी। क्रिकेट वह खेल है जो लोगों और समुदायों को जोड़ता है। इसलिए ऐसी घटना सभी को गहराई से प्रभावित करती है।शब्दों में इस दर्द को बयां करना मुश्किल है। हम फिलहाल परिवार, क्लब और प्रभावित सभी लोगों को हर संभव सहायता देने पर केंद्रित हैं। निश्चित रूप से हमें इससे सीखने की जरूरत है, लेकिन अभी हमारा ध्यान परिवार के साथ खड़े रहने पर है।

संक्षिप्त समाचार

एलयूसीसी पीड़ितों ने की रकम वापस दिलाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दि लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) के धोखाधड़ी का शिकार हुए पीड़ितों का कोटद्वार तहसील में चल रहा धरना गुरूवार को 115वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान कंपनी संचालकों और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

गुरूवार को तहसील में धरना देते हुए पीड़ितों ने प्रदेश सरकार से उनकी डूबी हुई रकम वापस दिलाने की मांग की। कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। कहा कि पिछले कई दिनों से धरना दे रहे है, लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी उनकी सुध नहीं ले रहा है, जिससे पीड़ितों में आक्रोश बढ़ रहा है। इस अवसर पर शिवानी नेगी, संदीप सिंह, आरती, पूजा, बिजेंद्र सिंह रावत, ममता रावत, सुनीता नेगी, सुनीता भंडारी, नीतू पटवाल, सुरेश नेगी आदि मौजूद रहे।

पशु चिकित्सालय को जल्द मिलेगा नया भवन

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड मुख्यालय कीर्तिनगर में 60 के दशक में बनें पशुचिकित्सालय को अब जल्द नया भवन मिल जाएगा। इसके लिए शासन ने 35 लाख का बजट स्वीकृत किया है। यहां पर पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान, उपचार के साथ ही चारा आदि की सुविधा है। इस केंद्र पर विकासखंड कीर्तिनगर के साथ ही समीपवर्ती क्षेत्र जनपद पौड़ी के कोट और पौड़ी ब्लॉक के ग्रामीण व नगर निगम क्षेत्र का श्रीकोट, श्रीनगर सहित आसपास के कई गांव के पशुपालक निर्भर हैं। यह अस्पताल वर्ष 1964 में बने जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। यहां पर बनें डॉक्टर और कर्मचारियों के आवास भी जर्जर होने से किराये के मकानों रह रहे हैं। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी कीर्तिनगर मनोज तिवारी ने बताया कि अस्पताल के भवन निर्माण के लिए 35 लाख स्वीकृत हो चुके हैं, नवंबर से निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। जबकि आवासीय भवनों के निर्माण के लिए भी स्टीमेट तैयार किया जा रहा है। (एजेंसी)

मेयर ने जनप्रतिनिधियों को दिया आमंत्रण

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर की महापौर आरती भंडारी ने बैकुंठ चतुर्दशी मेले के सफल आयोजन के लिए देहरादून में जनप्रतिनिधियों से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें मेले में आमंत्रित किया। उन्होंने लैंसडाउन विधानसभा के विधायक एवं प्रसिद्ध श्री सिद्धबली मंदिर के महंत दिलीप रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, देवप्रयाग के विधायक विनोद कंडारी व अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र दिया है। मेयर ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेला श्रीनगर की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह मेला हमारी परंपरा, श्रद्धा और लोक संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम है। (एजेंसी)

तनिष्का व मुकुंद ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

श्रीनगर गढ़वाल : नगर के सेंट थेरेसॉस स्कूल की छात्रा तनिष्का कोटियाल व एसजीआरआर स्कूल के मुकुंद पुरी ने 44वीं नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता में बाजी मारी है। दोनों का चयन राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। तनिष्का के पिता केशर कोटियाल ने बताया कि देहरादून में आयोजित 44वीं नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में तनिष्का ने 10 मीटर राइफल शूटिंग में नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। मुकुंद के पिता महंत आशुतोष पुरी ने बताया कि मुकुंद ने 10 मीटर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में बाजी मार कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई है।

लोकगीत में जीआईसी पोखड़ा, लोकनृत्य में रा.मा.वि. चौबट्टाखाल रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विकासखण्ड पोखड़ा में गुरूवार को ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। सामूहित लोकगीत प्रतियोगिता में जीआईसी पोखड़ा, सामूहिक लोकनृत्य में रा.मा.वि. चौबट्टाखाल, भाषण में अरमान नेगी, कहानी लेखन में पारस रावत, कविता लेखन में अरमान नेगी, चित्रकला में आकांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

युवा महोत्सव का शुभारंभ प्रमुख संजय गुसांई, कनिष्ठ प्रमुख संजय जोशी, ज्येष्ठ प्रमुख प्रदीप रावत ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। युवा महोत्सव में आयोजित सामूहित लोकगीत प्रतियोगिता में जीआईसी पोखड़ा, महिला मंगल दल सिलेथ, महिला मंगल दल वीणागाड, सामूहिक लोकनृत्य प्रतियोगिता में रा.मा.वि. चौबट्टाखाल, महिला मंगल दल सिलेथ, महिला मंगल दल वीणागाड, भाषण में अरमान नेगी, करिश्मा, रोनक, कहानी लेखन में पारस रावत, अमित कंडारी, राहुल कुमार एवं अतुल कुमार, कविता लेखन में अरमान नेगी, विष्णु दत्त भदोला, अनुष्का रावत, चित्रकला में आकांशी, नितिन, महक नेगी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों एवं सांस्कृतिक दलों को प्रमुख संजय गुसांई, कनिष्ठ प्रमुख संजय जोशी, ज्येष्ठ प्रमुख प्रदीप रावत, खण्ड विकास अधिकारी सूर्यप्रकाश शाह, सहायक खण्ड विकास अधिकारी विनोद रेवाडी, उपखण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज जोशी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भगवान गुसांई, क्षेत्र पंचायत सदस्य कलम सिह सजवाण, मनोज नौटियाल प्रियंका द्वारा पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में विनोद रेवाडी, श्रीमती मीनाक्षी, मंयक रावत, संतोष वर्द्धन, त्रिलोक सिह, स्वाति सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक सिह ने किया। इस अवसर पर ब्लाक मिशन मैनेजर राजेन्द्र नेगी, अमन, महिपाल, अनिरूद्ध ऋषभ आदि उपस्थित रहे।

वाणिज्य विभागीय परिषद की अध्यक्ष बनी श्रेया नेगी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में गुरूवार को वाणिज्य विभागीय परिषद का गठन किया गया।

परिषद के गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा उन्हें शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रमिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है।

परिषद में श्रेया नेगी को अध्यक्ष, जिक्रा सैफी उपाध्यक्ष, रामगोपाल सिंह सचिव, हिमांशु सह सचिव, रोहन राणा को कोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि मोहम्मद मुदस्सिर, प्रेरणा रौथना, साक्षी नेगी, अक्षित भट्ट को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इस अवसर पर प्रोफेसर प्रीति रानी ने कहा कि विभागीय परिषद विद्यार्थियों को नेतृत्व, टीम वर्क और संगठनात्मक

कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। इस परिषद के माध्यम से छात्र-छात्राएं न केवल अपनी शैक्षणिक क्षमताओं को निखारेंगे, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित करेंगे। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की डॉ. ऋचा जैन, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. अंशिका बंसल उपस्थित रहे।

वाहन चालकों ने समिति के नवीनीकरण पर जताई नाराजगी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री गुरु गोरखनाथ टैक्सी-मैक्सी कल्याण समिति से जुड़े वाहन चालकों ने नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से बिना चुनाव कराए स्वयं को समिति का पदाधिकारी घोषित कर समिति का नवीनीकरण कराने पर नाराजगी जताई है। आरोप लगाया कि समिति के पदाधिकारियों द्वारा चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। कहा कि जल्द से जल्द समिति के चुनाव कराये जाने चाहिए।

तहसीलदार साक्षी उपाध्याय के माध्यम से उप निबंधक पौड़ी को भेजे ज्ञापन में वाहन चालकों ने कहा कि श्री गुरु गोरखनाथ टैक्सी-मैक्सी कल्याण समिति उप निबंधक, फर्म सोसायटी एवं चिट्स कार्यालय पौड़ी गढ़वाल से पंजीकृत की गई है।

कहा कि उक्त संस्था में पदासीन पदाधिकारियों के नाम से कोई वाहन पंजीकृत नहीं हैं। आरोप लगाते हुए कहा कि पदाधिकारियों द्वारा टैक्सी चालकों से संस्था के नाम पर 3,000 रुपये प्रतिमाह व 40 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से समिति का चुनाव कराने की मांग की है। इस मौके पर धीर सिंह, जितेंद्र, सलमान, इरशाद, शाहरुख, करन सिंह, नईम आदि मौजूद रहे।

हाथी ने बागवानी को पहुंचाया नुकसान, दहशत में ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : ब्लॉक मुख्यालय दुगड्डा से सटे साझासैंण व नाथूपुर में हाथी की चहलकदमी बनी हुई है। इससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। बीती रात हाथी ने आम, अमरूद, केला व चारा पत्ती के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण जगमोहन सिंह रावत ने बताया कि पिछले दो दिनों से हाथी दुगड्डा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिमलचौड़ के राजस्व ग्राम साझासैंण व नाथूपुर में आ रहा है। हाथी शाम ढलते ही गांव में पहुंचकर आम, अमरूद, केला व चारा पत्ती के पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीण गांव से दुगड्डा-धुमाकोट मार्ग के रास्ते मुख्य बाजार दुगड्डा तक पैदल आवाजाही करते हैं। हाथी की धमक के कारण अकेले आवाजाही करने में जानमाल के नुकसान का खतरा बना हुआ है। दुगड्डा के रेंजर उमेश चंद्र जोशी ने बताया कि वन कर्मियों को प्रभावित क्षेत्र में गश्त कर वन्यजीवों को मानव बस्ती से दूर जंगल में खदेड़ने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार रात को वन कर्मियों ने साझासैंण गांव में पहुंचकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा है।

राज्य स्थापना दिवस पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम, तैयारियां शुरू

कोटद्वार में लगेगा रोजगार मेला, पौड़ी में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, लगेगी प्रदर्शनी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष्य में जिले में 2 से 9 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने सभी अफसरों को कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ ने बताया कि 8 नवंबर को कोटद्वार स्थित डॉ. पीताम्बर दत्त राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेला, श्रम कार्ड वितरण, डिजिटल साक्षरता कैंप, ट्रांसपोर्ट मेला, किसान मेला और ऋण वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 9 नवंबर को प्रेक्षागृह पौड़ी में विभागीय स्टॉल प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस के तहत 2 नवंबर को पौड़ी के रांसी व इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता, कंडोलिया मैदान से खाण्ड्यूसैंण तक साइकिलिंग रैली का आयोजन होगा। 3 नवम्बर को प्रेक्षागृह पौड़ी में पेंटिंग, निबंध, कहानी लेखन एवं विज्ञान मेला, उद्यमिता मेला आयोजित होगा। 4 नवंबर को प्रेक्षागृह पौड़ी में युवा महोत्सव, लोकगीत, लोकनृत्य, गोष्ठी एवं रजत जयंती पर भाषण प्रतियोगिता के साथ ही खिर्सू क्षेत्र में बर्ड वॉचिंग गतिविधियां होंगी। इसी दिन श्रीनगर के आवास-विकास मैदान में शिक्षा, सहकारिता, युवा कल्याण, खेल एवं उरेड़ा विभागों की प्रदर्शनी, सीतापुर नेत्र चिकित्सालय प्रांगण में स्थानीय परंपरा आधारित जागर प्रस्तुतियां आयोजित की जाएगी। बताया कि इस दौरान आवास विकास मैदान में गढ़वाली कवि सम्मेलन, गोला बाजार श्रीनगर में पहाड़ी परिधान पर आधारित फैशन शो भी आयोजित किया जाएगा। श्रीनगर के आवास-विकास मैदान में उत्तराखंडी लोकनृत्य, खेलकूद प्रतियोगिता, पुलिस विभाग द्वारा फायर पर गोष्ठी, झुमैलो प्रतियोगिता, चक्रव्यूह आधारित पाण्डवाणी प्रस्तुति और गायन-नृत्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

कौशिद जिलाध्यक्ष व मुक्ति बनीं पौड़ी शाखा अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के जनपद अधिवेशन में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से कौशिद अली को जिलाध्यक्ष व पूजा नेगी को जनपद सचिव चुना गया। जबकि मुक्ति नेगी को पौड़ी शाखा अध्यक्ष और राहुल लखेड़ा को शाखा सचिव चुना गया।

संगठन के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष आशीष यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अधिवेशन में न्यू पेंशन स्कीम के स्थान पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग एवं प्रदेश में स्पष्ट स्थानांतरण नीति सहित सभी समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर जनपदीय अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में तकनीकी कार्यों में हो रहे अनावश्यक हस्तक्षेप का विरोध किया गया। इस अवसर पर मंडल सचिव दीपक सिंह, प्रांतीय संगठन सचिव प्रमोद नेगी, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद नेगी, प्रांतीय सचिव सतीश भट्ट, प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश बहुगुणा, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन रावत, निरंजन रावत, सूर्य प्रताप चौहान, मुकेश कुमार, अशोक ध्यानी आदि मौजूद रहे।

पौड़ी के नए एसएसपी सर्वेश पंवार ने संभाला पदभार

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी सर्वेश पंवार ने गुरुवार को पौड़ी जिले के एसएसपी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त एसएसपी ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था के साथ ही अवैध नशे पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा। कहा कि इसके साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए भी प्रभावी और ठोस कदम उठाए जाएंगे।

पौड़ी के एसएसपी लोकेश्वर सिंह का यूएन में चयन हो गया था और उन्होंने कर्डिशनल (शशर्त) इस्तीफा दे दिया था। वहीं नवनियुक्त एसएसपी सर्वेश पंवार इससे पहले एसपी क्राइम देहरादून और एसपी यातायात देहरादून जैसे पदो पर भी सेवाएं दे चुके है। हाल ही में शासन ने चमोली एसपी के पद से उन्हें एसएसपी पौड़ी की जिम्मेदारी सौंपी हैं। गुरुवार को पौड़ी जिले की कमान संभालते हुए नवनियुक्त आईपीएस अधिकारी सर्वेश पंवार ने कार्यभार ग्रहण के दौरान पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं गिनवाईं। नवनियुक्त एसएसपी ने जिले में महिला सुरक्षा को भी अपनी प्राथमिकताओं में गिनवाया। इसके साथ ही जिले में यातायात प्रबंधन को मजबूत किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि जिले में पुलिसिंग से आम आदमी को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी और इसे और बेहतर करते हुए पुलिस को जवबादेही बनाया जाएगा। शीघ्र से जिले के संभ्रांत लोगों से भी मुलाकात की जाएगी और जिले में पुलिस विभाग से संबंधित जो भी बेहतर कार्य होंगे उन पर फोकस किया जाएगा।

डीएफओ गढ़वाल ने किया भालू प्रभावित खिर्सू का दौरा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : थलीसैंण के राठ क्षेत्र और खिर्सू में सक्रिय भालू का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को डीएफओ गढ़वाल अभिमन्यू सिंह ने भी भालू प्रभावित खिर्सू का दौरा किया। डीएफओ के मुताबिक खिर्सू और थलीसैंण क्षेत्र के गांवों में विभागीय टीम लगातार गश्त कर भालू पर नजर बनाएं हुए है। अब भालू की गतिविधियों को देखने के लिए एआई ट्रेल गार्ड एक तरह के सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। आम लोगों से भी इस बीच सतर्कता बरतने को कहा जा रहा है।

बता दें कि राठ के कई गांवों में भालू ने अब तक 34 से अधिक मवेशियों को निवाला बना दिया है वहीं दूसरी तरफ खिर्सू में भालू ने दो युवाओं पर हमला कर घायल कर दिया था। थलीसैंण के कुचौली, कठ्यूड और सौंठ आदि गांवों में भालू ने पिछले करीब तीन महीने से आंतक मचा रखा है। भालू के एक के बाद एक हमलों की वजह से यहां ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीण अपने मवेशियों को बचाने के लिए रतजगा भी कर चुके हैं। लेकिन भालू एक गांव को छोड दूसरे गांव में हमलावर हो जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ वन विभाग की भी भालू को लेकर चुनौतियां कम नहीं हो पा रही है। वन विभाग की टीम कुचौली सहित अन्य भालू प्रभावित गांवों में डेरा डाले हुए है। गढ़वाल वन प्रभाग की डीएफओ अभिमन्यू सिंह ने बताया कि अब भालू की गतिविधियों को देखने के लिए एआई ट्रेल गार्ड एक तरह के सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। इस जीपीएस सिस्टम के जरिए भालू की पूरी गतिविधि को आसानी से देखे जाने पर उसको ट्रैंक्यूलाइज करने में काफी मदद मिल सकती है।

अभी ट्रैपिंग कैमरों को कुचौली और कठ्यूड में लगाया गया हैं। इनमें एक बार भालू कैद हुआ है। अब जैसे ही एआई ट्रेल गार्ड आते हैं उन्हें प्रभावित क्षेत्रों में लगाया जाएगा।

तहसील दिवस 4 नवंबर को

चमोली : जनता की शिकायतों/समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण के लिए आगामी मंगलवार, 4 नवम्बर (प्रथम मंगलवार) को तहसील देवाल के विकासखण्ड सभागार में प्रातः 11:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों व विभागाध्यक्षों को अपनी विभागीय योजनाओं की पूरी जानकारी के साथ तहसील दिवस में अनिवार्य रूप से स्वयं प्रतिभाग करने के निर्देश दिए है ,

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा कोटद्वार, नजीबाबाद रोड़, ग्राम हरसिंहपुर (कौड़िया) जे0के0 फार्म/ इंडियल आयल पैट्रोल पंप के सामने एक भवन है जिसमें आगे नजीबाबाद रोड़ की ओर से दुकाने भी हैं तथा पीछे दो मंजिला रिहायशी भवन है, जो मेरे पति स्व0 प्रभात कुमार जैन के नाम पर है। हाल ही में मेरे इकलौते पुत्र प्रशान्त कुमार जैन की मृत्यु हो चुकी है। मेरे पति व पुत्र दोनों की मृत्यु के बाद अब मेरी बहु दीपिका जैन व उसके पुत्र सम्भव जैन ने मेरे हिस्से की सम्पत्ति को लेकर एक मुकदमा न्यायालय सिविल जज (क0ख0) कोटद्वार के न्यायालय में किया गया है, इस प्रकार मेरी उपरोक्त सम्पत्ति विवादित है। हमारी एक हुण्डई कार सं0- UK08AE8940 भी है। यदि कोई भी मेरी उपरोक्त चल-अचल सम्पत्ति, भूमि मय भवन एङ्ग कार को क्रय-विक्रय करता है व किराए पर लेता देता है तो वह सरासर गैरकानूनी व विधि विरूद्ध होगा। मेरी कोई भी चल-अचल सम्पत्ति बिकाऊ नहीं है।

राजरानी जैन पत्नी स्व0 प्रभात कुमार जैन निवासी जे0के0 फार्म/ इंडियन आयन पैट्रोल पंप के सामने, हरसिंहपुर, कौड़िया, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

(1318/21)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ड्राईविंग लाईसेंस नम्बर- UK-0620110041157 में मेरा नाम सुशील कुमार अंकित है, जो कि गलत है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम सुशील जखमोला है, जो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में अंकित है। अतः मेरे ड्राईविंग लाईसेंस नम्बर- UK-0620110041157 में मेरा सही व वास्तविक नाम सुशील जखमोला अंकित किया जाय।

सुनील जखमोला पुत्र श्री सुरेन्द्र प्रसाद जखमोला निवासी मानपुर, नजदीक पेंसिल फैक्ट्री, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(1320/21)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ड्राईविंग लाईसेंस नम्बर- DI13 19910067656 में मेरा नाम DINESH C SHARMA S/o LT SH R C SHARMA दर्ज है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम DINESH CANDER SHARMA S/o RAM CHANDER है, जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। अतः मेरे ड्राईविंग लाईसेंस नम्बर- DI13 19910067656 में मेरा सही व वास्तविक नाम DINESH HANDER SHARMA S/o RAM CHANDER दर्ज किया जाय।

दिनेश चन्द्र शर्मा पुत्र राम चन्द्र निवासी देवल/बनवार, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(1319/21)

सीता माता परिपथ यात्रा एक नवंबर से, तैयारियां जोरो पर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कोट ब्लाक के फलस्वाड़ीसैंण सीतामाता समाधि स्थल और देवप्रयाग श्री रघुनाथ मंदिर को विश्वपटल पर पहचान दिलाने के लिए सीता माता परिपथ (सर्किट) समिति एक और दो नवंबर को परिपथ यात्रा निकालेगी। 1 नवंबर को पारंपारिक वाद्य यंत्र ढोल दमाउ के साथ वैद्यगांव से यह परिपथ यात्रा शुरू होगी और 2 नवंबर को फलस्वाड़ी गांव में सीतामाता समाधीस्थल में शिला रूप में सीता माता के दर्शन कर यह यात्रा समाप्त होगी। यात्रा को लेकर समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पद यात्रा समिति के अध्यक्ष सुनील लिंगवाल और संयोजक अनुसूया प्रसाद सुंद्रियाल ने बताया कि रामायण काल से जुड़े फलस्वाड़ी गांव स्थित सीतामाता समाधि स्थल, देवप्रयाग श्री रघुनाथ मंदिर, देवल गांव स्थित लक्ष्मण मंदिर समूह, कोट महादेव और वाल्मीकि आश्रम कोटसाड़ा को विकसित करने के लिए यात्रा की जा रही हैं। बताया कि तीसरी बार यात्रा की जा रही हैं। 1 नवंबर को पारंपारिक वाद्य यंत्र ढोल दमाउ के साथ वैद्यगांव से यह परिपथ यात्रा शुरू होते हुए सल्डा गांव में सीता मंदिर पहुंचेगी। इसी दिन यात्रा देवप्रयाग संगम तट पर पूजा अर्चना कर रघुनाथ मंदिर दर्शन, रामचरण पादुका पूजन होगा। यात्रा बाह बाजार से होते हुए कोठी बैंड विदाकोटी के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान विदाकोटी गोविंद मंदिर में यात्रा का आगमन स्वागत, पूजा दर्शन, कुलासू गांव में यात्रा आगमन, सीतासैंण मुछियाली गांव सीता मंदिर में पूजा दर्शन करेगी। इसके बाद यात्रा खोलाचौरी, डांडापानी, कठूड़, नवन होते हुए लक्ष्मण मंदिर देवल गांव के लिए प्रस्थान करेगी। बताया कि इसी दिन वैद्यगांव में इगास पर्व पर भैला मंडाण आयोजित किया जाएगा। 2 नवंबर को वैद्य गांव से यात्रा प्रस्थान कर कोटसाड़ा गांव वाल्मीकि मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद फलस्वाड़ी गांव में सीतामाता समाधीस्थल में शिला रूप में सीता माता के दर्शन कर यह यात्रा समाप्त होगी।

स्मार्ट मीटरों के बदले पुराने मीटर लगाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर क्षेत्र के अंतर्गत जौनपुर, इंदिरानगर, आमपड़ाव, ध्रुवपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने गुरूवार को 40वें दिन भी स्मार्ट मीटरों के विरोध में तहसील में धरना जारी रखा। चेतावनी दी कि जब तक स्मार्ट मीटरों को हटाकर उनके स्थान पर पुराने मीटर नहीं लग जाते, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। गुरूवार को पार्षद रीता देवी की अगुवाई में तहसील पहुंचे उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटरों के विरोध में नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं ने कहा कि ऊर्जा निगम की ओर से क्षेत्र में लगाए गए स्मार्ट मीटरों को नहीं हटाया जा रहा है। कहा कि पिछले कई दिनों से धरना दे रहे है, लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी उनकी सुध नहीं ले रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में रोष बढ़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में लगाए गए स्मार्ट मीटरों को बदलकर उनके स्थान पर पुराने मीटर लगाने की मांग की।

इस मौके पर जनाधिकार मंच के अध्यक्ष आशाराम, जीतू, परमानंद, मदन सिंह, गजेंद्र सिंह, अमर सिंह, बृजमोहन सिंह, सौरभ सिंह, पुष्कर सिंह, मीना देवी आदि मौजूद रहे।

पोखरी मेले में गढ़वाली गीतों पर झूमे युवा

चमोली : चमोली जिले के पोखरी में आयोजित हिमंवत कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल पर्यटक किसान विकास मेले में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। पोखरी कॉलेज छात्राओं ने खूब रंग जमाया। बसन्ती छोरी रुम झुमा.., गीत पर युवा जमकर थिरके। जूनियर हाईस्कूल जौरासी के छात्रों शिव जी संघ गौरा नांचण बैठी.. से मन मोहा। महिला मंगल दल बमोथ ने लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। गुरुवार को बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखपत बुटोला मुख्य अतिथि के बतौर और विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख राजी देवी ने शिरकत की। नगर पंचायत अध्यक्ष सोहनलाल सहित मेला समिति ने फूल मालाओं और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष सोहनलाल ने मेले में सहयोग के लिए विधायक से आग्रह किया, जिस पर विधायक लखपत बुटोला ने मेले के लिए तीन लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। विधायक लखपत बुटोला ने कहा पोखरी में मेला पूरा उत्तराखंड में एक अलग पहचान रखता है जो हमेशा बनी रहना चाहिए। विधायक लखपत बुटोला ने कहा महिला मंगल दलों और स्कूलों के सुन्दर कार्य शानदार कार्य की जा रहें हैं। उन्होंने कहा इस क्षेत्र जो भी सड़क शासन में रूकी है जल्द उनकी स्वीकृति मिलगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास सतत चलेगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र भण्डारी ने इस अवसर पर कहा कि पोखरी मेला सबके समन्वय से आयोजित होता है। सभी के सहयोग से 19 वर्षों यह मेला आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी से मेले में लगे कृषि विभाग में चल रही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

चमोली में तीन वर्षों में 92 बच्चों को मिला उपचार का लाभ

—तीन वर्षों में 2 लाख 26 हजार 592 बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

चमोली : केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चमोली में बच्चों के उपचार के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। बड़े पैमाने पर 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों में पाई जाने वाली बीमारियों और कुपोषण की समस्याओं का योजना से उपचार करवाया जा रहा है। जिससे बच्चों को सर्वांगीण विकास और स्वस्थ जीवन की परिकल्पना जमीन पर उतरने लगी है। जनपद चमोली में योजना के तहत तीन वर्षों में 2 लाख 26 हजार 592 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। जबकि 92 बच्चों को उपचार के लिए हायर सेंटर में सुविधाओं उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2013 में बच्चों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मंशा से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन शुरु किया था। जिसके तहत आंगनबाड़ी केंद्र और सराकरी विद्यलायों में अध्ययनरत 18 वर्ष तक के बच्चों को 10 लाख तक के उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। जिसके तहत जनपद चमोली में बीते तीन वर्षों में 2 लाख 26 हजार 592 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और 92 बच्चों का जनपद से बाहरी क्षेत्र के चिकित्सालयों में उपचार करवाया गया है। बताया कि वर्ष 2023-24 में जनपद में 98 हजार 836 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व 32 बच्चों का जनपद से बाहर के चिकित्सालयों में उपचार करवाया गया।

जबकि वर्ष 2024-25 में 91 हजार 26 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व 38 बच्चों का बाहरी क्षेत्र के चिकित्सालयों में उपचार करवाया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में वर्तमान तक 36 हजार 730 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया है। जबकि 22 बच्चों को उपचार के लिए हायर सेंटर की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। (एजेंसी)

उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी., व ई.पी.एफ. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 19.11.2025 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 18.11.2025 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एकीकृत भारत के निर्माण में सरदार पटेल की कूटनीति व दूरदर्शिता का महत्वपूर्ण योगदान है। सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और अटूट समर्पण के माध्यम से अखण्ड भारत का सपना पूरा किया तथा भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने का महान कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने हमें ऐसा भारत दिया जिसमें विविधता के बावजूद एकता की भावना है। उनके इस अतुलनीय योगदान के लिये देश का प्रत्येक नागरिक उनका ऋणी रहेगा। युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश के सर्वांगीण विकास के लिए अपना योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर हमें अपने को राष्ट्र की सेवा के लिये समर्पित करने की भी प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती वर्ष है। यह एक ऐसा अवसर है जो देश के लिये गर्व और प्रेरणा देने वाला है। सरदार पटेल का ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' का संदेश आज भी प्रासंगिक है।

महाविद्यालय के छात्रों ने श्री कुंजापुरी मेले का किया भ्रमण

नई टिहरी। धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर के पत्रकारिता एवं जनसंचार तथा अर्थशास्त्र विभाग के छात्र–छात्राओं को पत्रकारिता के गुण सीखने एवं मेलों के आर्थिक पक्ष से रूबरू कराने के लिए 49वें मां श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेला क्षेत्र का भ्रमण करवाया गया। छात्र–छात्राओं ने मेला परिषद क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, आयुर्वेदिक विभाग, उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद, उरेडा, उत्तराखंड राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह बनाली द्वारा लगाए गए स्टॉल, कृषि विभाग व अन्य स्टॉलों पर जाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ ही अन्य जानकारी जुटाई। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र–छात्राओं को निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार से मुलाकात कर मेले की जानकारियां ली। छात्रों ने पत्रकारिता से जुड़ी अपनी जिज्ञासाओं को लेकर कई सारे प्रश्न पूछे जिसका उन्होंने सहर्ष उत्तर दिया। उन्होंने सभी छात्रों को पत्रकार बनने के लिए जिज्ञासा, आत्मविश्वास एवं प्रश्न पूछने की कला को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। वहीं पत्रकारिता विभाग की प्रभारी डॉ सृचना सचदेवा एवं अर्थशास्त्र विभाग की प्रभारी सुधारानी ने इस आयोजन को फील्ड के अनुभव जुटाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष और कॉलेज प्राचार्य डा यू सी मैठानी का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के साथ ही फैकेल्टी मेंबर्स ने स्थानीय गढ़वाली व्यंजनों का आनंद उठाया। मौके पर महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग से डॉ विक्रम सिंह बर्तवाल, विशाल त्यागी के साथ ही रंजना, शिल्पी, भावना निकिता, हिमांशु, आयुष, कंचन और अंशिका के साथ अन्य सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

सूबे के डेढ़ दर्जन राजकीय महाविद्यालयों को मिले स्थाई प्राचार्य

देहरादून। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत डेढ़ दर्जन राजकीय महाविद्यालयों को स्थायी प्राचार्य मिल गये हैं। उच्च शिक्षा मंत्री के अनुमोदन के उपरांत पदोन्नत प्राचार्यों को नवीन तैनाती स्थल भी आंवटित कर दिये गये हैं। राजकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य की तैनाती से प्रशासनिक व शैक्षणिक गतिविधियों में खासा सुधार होगा, जिसका लाभ इन महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को मिलेगा। प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में प्रशासनिक व शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूत करने के दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा तमाम प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही महाविद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न रैंकिंग व नैक मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये प्रशासनिक सुधार पर भी फोकस किया जा रहा है। इसके लिये प्रत्येक महाविद्यालय में स्थाई प्राचार्य की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने डेढ़ दर्जन प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर के पदोन्नति प्रस्ताव को अनुमोदित कर उन्हें स्नातक प्राचार्य पद पर पदोन्नति की मंजूरी दे दी है।

नगर पालिका और पंचायत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था को बेहतर बनाएं

चमोली : जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गंगा और उसकी सहायक नदियों में स्वच्छता को बनाए रखने को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका, पंचायतों और जिला पंचायत के अधिकारियों को नदियों के संरक्षण के लिए तय मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान नगर पालिका और पंचायतों के साथ ही संबंधित विभागों को एसटीपी का संचालन सुचारु रुप से करने और रख-रखाव को लेकर नियमित कार्य करने की बात कही। साथ ही उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों को डोर-टू-डोर कलेक्शन की व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में 20 कमरों से अधिक वाले होटलों में ईटीपी का निर्माण न किए जाने पर सख्त कार्रवाई करने के भी नमामि गंगे और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को आदेश दिए। वहीं जनपद में प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नगर पालिका और पंचायत के अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के आदेश दिए। इस दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों को वन विभाग से संबंधित मामलों में समन्वय स्थापित कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के आदेश दिए। उन्होंने औद्योगिक अस्थान कालेश्वर में उद्योग संचालकों से वार्ता कर शीघ्र स्थापित ईटीपी का संचालन शुरू करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे गोविंद बुटोला ने बताया कि नदियों के स्वच्छता को बनाए रखने के लिए जनपद में 17 एसटीपी का निर्माण किया गया है। जिनसे जनपद में 28 नालों को टेप कर पानी का शुद्धीकरण कर निस्तारित किया जा रह है। साथ ही जनपद की सभी नगर पालिकाओं और पंचायतों में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ ही डोर-टू-डोर कलेक्शन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत जनपद के 11 नगर निकायों की ओर से प्लास्टिक कचरे को कॉपेक्ट कर बिक्री कर अप्रैल माह से वर्तमान तक 25 लाख 17 हजार 326 रुपए की आय अर्जित की जा चुकी है। वहीं अप्रैल माह से वर्तमान कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के तहत 313 चालान किए गए हैं। जबकि एंटी लिटरिंग एंड एंडी स्पिटिंग एक्ट के तहत 571 चालान किए गए हैं इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक गुप्ता, पेयजल निगम के एसई मोहम्मद वसीम अहमद, अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

शिक्षक नहीं मनायेगें इगास पर्व, शिक्षा मंत्री आवास का करेंगे घेराव

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर देवप्रयाग विकासखंड के शिक्षक एक नवंबर को उत्तराखंड के महापर्व इगास के दिन शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव करेंगे। यह जानकारी संघ के देवप्रयाग ब्लॉक अध्यक्ष धनबीर चंद रमोला ने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की अनदेखी से आहत शिक्षक इस वर्ष अपने परिवार के साथ इगास नही मनाएंगे। अध्यक्ष रमोला ने बताया कि ब्लॉक के सभी 304 शिक्षक परेड ग्राउंड देहरादून में एकत्र होंगे और यमुना कॉलोनी स्थित शिक्षा मंत्री आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षक अपनी मांगों के लिए 18 अगस्त से आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान पहले चौक डाउन हड़ताल हुई, फिर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। आंदोलन के क्रम में मुख्यमंत्री आवास श्रीनगर और शिक्षा मंत्री आवास का घेराव भी किया गया। यहां तक कि शिक्षकों ने प्रधानमंत्री को अपने रक्त से भी पत्र लिखे, बावजूद इसके सरकार ने कोई ठोस पहल नहीं की। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद सचिव स्तर की समिति गठित की गई थी, समिति के साथ दो बार वार्ता भी हुई। इसके बावजूद अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद भी ठोस कार्रवाई न होने से शिक्षक क्षुब्ध हैं। कहा घेराव कार्यक्रम में ब्लॉक मंत्री ज्ञान सागर, राम नाथ सिंह, दीपक जोशी, सुनील रावत, अमित काला, वीरेंद्र रावत, शिखा मेहता, हिमानी फोदणी, सुमेंद्र सिंह, जीत मणी थपलियाल सहित ब्लॉक के सभी शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। (एजेंसी)

डीएम बंसल ने अचानक बुलाई जिला चिकित्सालय की प्रगति की समीक्षा बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेज्ट में जिला चिकित्सालय कोरोनेशन के निर्माण कार्यों एवं एवं विभिन्न व्यवस्थाओं, सुविधाओं की अचानक समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में जिला चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं, उपकरणों की स्थिति, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता तथा अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या की समीक्षा की गई।

जिला प्रशासन के प्रयासों से विगत वर्ष जिला चिकित्सालय में प्रारम्भ किए गए एसएनसीयू से अब तक 500 बच्चे स्वास्थ्य लाभ ले चुके हैं। विगत बैठक में जिलाधिकारी ने एसएनसीयू को 06 बैड से बढाकर 12 बैड करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके विस्तारीकरण की समीक्षा करने बताया गया कि अभी विस्तारीकरण नही हो पाया, जिसका कारण जानने पर 2 माह से फंड न होना बताया गया। फंड न होने की जानकारी 2 माह से संज्ञान में न लाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय को फटकार लगाई। एसएनसीयू विस्तारीकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण आवश्यक सेवाओं हेतु डीएम ने मौके पर ही 91 लाख की धनराशि जारी करते हुए एक माह के भीतर एसएनसीयू विस्तारीकरण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मेहलचौंरी मेले में केबीएस जूहा की झांकी पहले स्थान पर

चमोली : मेहलचौंरी के खेल मैदान में गत 27 अक्टूबर से व्यापार मंडल के सौजन्य से आयोजित हो रहा लोक सांस्कृतिक एवं कृषि विकास मेला गुरुवार को विधिवत संपन्न हो गया। इस अवसर पर समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट ने व्यापार संघ द्वारा किये जाने वाले इस मेले की सराहना करते हुये हर संभव सहायता देने की घोषणा की। चार दिनों तक चले इस मेले में झांकी प्रतियोगिता में केबीएस शिशु सदन जूहा प्रथम, जीएमआईसी दूसरे, शतरंज में सार्थक रावत प्रथम अभिषेक नेगी दूसरे, कब्बड़ी में धुनारघाट पहले, जीएमआईसी दूसरे, बालीवॉल में जमणिया पहले, रानीखेत दूसरे, ममंदलों में स्यूणी तल्ली पहले, मैखोली दूसरे, लोक नृत्य माध्यमिक राआइंका मेहलचौंरी पहले, जीआईसी आगरचटटी दूसरे, बेसिक में केबीएस सदन मेहलचौंरी पहले गंगा पब्लिक स्कूल दूसरे, पहाड़ी परिधान में हेमा मढ़वाल प्रथम, स्टाल में उद्यान पहले, भरसार विवि दूसरे पर रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण खत्री, सामाजिक कार्यकर्ता भुवन नौटियाल,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, त्रिलोक खत्री, संतोषी,रंभा शाह, बीएस टोपाल, जितेन्द्र मेहरा, महेश जुयाल आदि थे। (एजेंसी)

रैगिंग विरोधी समिति का किया गठन

चमोली : जिला अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में मा. उच्च न्यायालय नैनीताल, उत्तराखण्ड के निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को जिला मुख्यालय सभागार में उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग विरोधी समिति की बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि मा. न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में जिला स्तर पर रैगिंग विरोधी समिति का गठन कर लिया गया है। जिसके अध्यक्ष स्वयं जिलाधिकारी होंगे एवं इसके अन्य सदस्य जनपद के पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित शैक्षणिक संस्थानों प्राचार्य एवं अन्य संबंधित सचिव एवं छात्र संघ अध्यक्ष होंगे। उन्होंने जनपद के समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों को यह निर्देश दिये कि प्रत्येक संस्थान अपनें स्तर पर एक रैगिंग विरोधी समिति का गठन करेंगे ताकि रैगिंग की समस्याओं पर नियंत्रण व उन्मूलन प्राप्त किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश कि सभी शिक्षण संस्थान अपने परिसर में सूचना पट्ट लगायें ताकि रैगिंग सम्बन्धी सूचना/शिकायत शिक्षण संस्थान को प्राप्त हो सके एवं साथ ही जिला अधिकारी ने समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह की 05 तारीख तक शिक्षण संस्थानों में गठित रैगिंग विरोधी समिति से प्राप्त सूचना जिला अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उमाशंकर बिष्ट सचिव हिमाद समिति एवं जनपद के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य मौजूद थे। (एजेंसी)

2100 मरीजों ने लिया निःशुल्क कैंसर जागरूकता शिविर लाभ

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित तिलणी में श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित निःशुल्क कैंसर जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों के बावत 2100 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है।

इस मौके पर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों को बेहतर उपचार दिया। वहीं इस मौके पर विधायक भरत चौधरी ने विधायक निधि से स्कूल को 5 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की। गुरुवार को गुरुराम राय पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर का शुभारंभ विधायक भरत सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत एवं कलश के संयोजक ओमप्रकाश सेमवाल व विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश चौहान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में श्री महंत इंद्रेश अस्पताल के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अजीत तिवारी ने कैंसर जागरूकता पर व्याख्यान दिया। गुरु राम राय विश्वविद्यालय एवं श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल देहरादून के सहयोग से आयोजित शिविर में मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जबकि 2100 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ लिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श दिया जबकि रोगियों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। विधायक भरत चौधरी ने श्रीमहंत इंद्रेश अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्री महंत इंद्रेश अस्पताल देहरादून न केवल शहरी क्षेत्रों में बल्कि सुदूरवर्ती पर्वतीय अंचलों में भी स्वास्थ्य सेवा की अलख जगा रहा है।

सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

श्रीनगर गढ़वाल : ऐतिहासिक बैकुंठ चतुर्दशी मेले और इगास पर्व की तैयारियों को देखते हुए गुरूवार को भागीरथी कला संगम के सदस्यों ने कमलेश्वर मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। मंदिर के महंत आशुतोष पुरी ने कहा कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता भक्तिभाव को और बढ़ाती है।

संस्था के उपाध्यक्ष मुकेश नौटियाल ने बताया कि टीम एक नवंबर को होने वाले इगास की तैयारी में भी जुटी है। हमारे भैला तैयार हो चुके हैं और पर्व को भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस दौरान संस्था के निर्देशक मदन गड़ोई ने बताया कि इगास पर्व का आयोजन एक नवंबर की शाम सात बजे रामलीला मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम में वीर माधो सिंह भंडारी के जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की जाएगी।

वन कर्मियों के पहरे में स्कूल भेजे गए बच्चे

रुद्रप्रयाग : तल्लानागपुर क्षेत्र के गुलदार प्रभावित गांवों में वन विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में स्कूली बच्चों को स्कूल भेजा गया। वन विभाग ने अपने वाहन भी छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने-आने के लिए भेजे। स्वयं वन विभाग के एसडीओ और रेंजर बच्चों की सुरक्षा के प्रति व्यवस्थाएं करते दिखे। गुरुवार सुबह ग्राम पंचायत जोंदला के पाली मल्ली सहित आसपास के गांवों में स्कूली बच्चों को वन कर्मियों की सुरक्षा में स्कूल भेजा गया। वन विभाग की क्यूआरटी और आरआरटी टीम के सदस्यों द्वारा बच्चों को स्कूल भेजने और आने के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सुबह पाली मल्ली से राइंका चोपड़ा और प्राइवेट स्कूल ब्लूमिंग चिल्ड्रन ऐकेडमी के करीब 45 छात्र-छात्राओं को वन विभाग की टीम की सुरक्षा में स्कूल भेजा गया। कई जगहों पर बच्चों को वाहन उपलब्ध कराए गए ताकि किसी तरह स्कूली बच्चों की पैदल आवाजाही न हो। गुलदार प्रभावित गांव से करीब डेढ़ किमी की दूरी पर चोपड़ा स्थित स्कूल है।

वहीं क्वीली, कुरझण, उर्तसू, जोंदला, डुंगरी, सेमलसारी, धारकोट, चोपड़ा आदि स्थानों में भी वन विभाग स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर नजर बनाए हुए हैं। उप वन संरक्षक रजत सुमन ने बताया कि जब तक गुलदार का भय बना है तब तक स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर वन विभाग की कड़ी नजर रहेगी। वन कर्मियों के पहरे में बच्चों को स्कूल जाते और आते समय मदद की जाएगी।

लंबगांव में नशा रोकने की मांग को लेकर धरना दिया

नई टिहरी। शराब की जद में आ रहे युवा व शराब के कारण बढ़ रहे अपराधों के विरोध में यहां पर बाजार में विजेंद्र सिंह शहीद स्मारक पर आम लोगों ने धरना–प्रदर्शन कर सरकार से शराब परोसने पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि शराब के कारण देवभूमि उत्तराखंड में लगातार अपराध भी बढ़ रहे हैं। गुरुवार को लम्बगांव बाजार में राज्य आंदोलनकारी व नशा मुक्त देवभूमि जनमोर्चा के संयोजक देवी सिंह पंवार के नेतृत्व में आम लोगों ने एक दिवसीय धरना शराब व नशे के विरोध में दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में शराब के खौफनाक व्यवसाय युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इस का परिणाम है कि मुनिकीरेती के शीशम झाड़ी क्षेत्र में शराब ठेके के नजदीक एक बर्बर हत्या कांड हुआ है। शराब के कारण इस तरह के अपराधों के विरोध में यह धरना किया जा रहा है। इस मौके पद देवी पंवार ने कहा कि उनका संगठन प्रतापनगर क्षेत्र में निरंतर गांवों में नशे के खिलाफ बिगुल छेड़े हुये हैं। मांगलिक कामों में शराब न परोसन की अपील की जा रही है। काकटेल जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस धरने के माध्यम से मांग की जा रही है कि युवा पीढ़ी को शराब नहीं, बल्कि संस्कार दो। उन्होंने सरकार से देवभूमि को शराब से मुक्त करने की मांग करते हुए कहा कि शराब के ठेकों को खोलने पर रोक लगाई जाय।

लोकपर्व ईगास बग्वाल को पूरे राज्य में धूमधाम से मनाया जाएगा: चौहान

देहरादून। उत्तराखण्ड संस्कृति, साहित्य एवं कला परिषद् की उपाध्यक्ष मधु भट्ट ने गुरुवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता कर बताया कि उत्तराखण्ड के लोकपर्व ईगास / बग्वाल को पूरे राज्य में धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें राज्य भर में होने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न जनप्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया 1 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री आवास में भी ईगास पर्व को धूम धाम से मनाया जाएगा। श्रीमती भट्ट ने बताया कि ईगास / बग्वाल के पावन पर्व के साथ ही उत्तराखण्ड राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के कार्यक्रमों की भी शुरुवात की जाएगी।

कंडीसौड़ में हुई थौलधार ब्लॉक की बीडीसी की बैठक

नई टिहरी। थौलधार ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय कंडीसौड़ में किया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित सदस्यों, प्रधानों ने सदन में क्षेत्र की समस्याएं रखी। सदन में सदस्यों ने क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पशुपालन विभाग आदि समस्याओं को रखते हुए शीघ्र निस्तारण की मांग की। सहकारी समिति द्वारा चार माह में ही ब्याज वसूलने पर सदस्यों ने नाराजगी जताई।

ब्लॉक सभागार कंडीसौड़ में ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह भंडारी की अध्यक्षता में पहली बीडीसी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान गैर नगुण प्रकाश बनाली ने पशु सेवा केन्द्रों पर रिक्त पदों को भरने की मांग की। जिस पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी छाम ने कहा कि, क्षेत्र के सभी पशु सेवा केन्द्रों पर कर्मचारियों की कमी के बाबजूद पशु पालकों की सुविधा के लिए उपलब्ध कर्मचारियों द्वारा सेवा दिए जाने की बात कही। प्रधान बेल सिंह चौहान ने सहकारी समिति लालूरी द्वारा काश्तकारों को साल भर के लिए दिये जाने वाले ऋण पर चार माह में ही ब्याज लिये जाने की शिकायत की। जिस पर सहाकारिता विभाग के अपर सहायक चन्द्रमणी रमोला ने कहा कि, मामले को लेकर सम्बंधित कर्मचारियों से बात की जाएगी, साल भर के बाद ही ऋण पर ब्याज लिए जाने का प्रावधान है। बेरगणी के प्रधान युद्धवीर सिंह रावत घस्यारी योजना के तहत पहाड़ों में चारापत्ती के लिए जाने वाली घस्यारी बहनो का सरकार की तरफ से इंश्योरेंस करने, कण्डीसौड़ के प्रधान सुमन सिंह गुसाईं ने सहाकारिता विभाग के द्वारा घस्यारी योजना के तहत पशुपालकों को पशुओं के लिए समितियों के माध्यम से विक्रम किये जाने वाले चारे की खराब गुणवत्ता का, रामगांव प्रधान महेंद्र नेगी ने राम गांव के एएनएम सेन्टर के अधिकांश बंद होने, कैन्छू प्रधान भगवान सिंह महर ने कमान्द अस्पताल के उच्चीकरण किए जाने, जिपंस सुनील जुयाल ने माह में दो दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छाम में अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराने, जिपंस राजेन्द्र सिंह रंगड़ ने समाज कल्याण विभाग के द्वारा दी जाने वाली दिव्यांग, विधवा, पेंशन को बच्चों के बालिग होने की दशा में भी जारी रखने सम्बन्धी प्रस्ताव सदन के माध्यम से भेजने की बात कही,

डीएम ने जल संस्थान और पेयजल निगम के अधिकारियों की ली बैठक

चमोली : जिलाधिकारी गौरव कुमार ने गुरुवार को जन संस्थान और उत्तराखंड पेयजल निगम के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, अमृत योजना और बीसूका के तहत जनपद में पेयजल आपूर्ति को लेकर संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माणाधीन योजना को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को आपदा प्रभावित नंदानगर और थराली विकास खंडों में पेयजल आपूर्ति की स्थाई व्यवस्था के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

ताकि शीघ्र आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही प्रस्तावित पेयजल योजनाओं के लिए वन भूमि हस्तांरण के लिए वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्रवाई करने की बात कही। जिससे प्रस्तावित योजनाओं को समय से पूर्ण कर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, पेयजल निगम के एससी मोहम्मद वसीम अहमद, अधिशासी अभियंता राजेश सिंह, अरुण प्रताप, मुकेश कुमार, सुशील कुमार आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

देवप्रयाग में विधायक ने किया अलकनंदा पैदल पुल का शिलान्यास

नई टिहरी। टिहरी–पौड़ी जिले को जोड़ने वाले बहुप्रतिक्षित अलकनंदा पैदल पुल का मुख्यमन्त्री धामी की ओर से विधायक विनोद कंडारी ने शिलान्यास किया। 5 करोड़ 83 लाख की लागत से बनने वाले सिंगल लेन स्टील ट्रस का यह पुल 84 मीटर स्पान का होगा। विश्व बैंक पोषित योजना अंतर्गत पुल का निर्माण प्रांतीय खंड पौड़ी की ओर से किया जायेगा। तीर्थनगरी देवप्रयाग में 583. 58 लाख से बनने वाला अलकनंदा पैदल पुल टिहरी राजशाही में बने पुराने पैदल पुल का स्थान लेगा, जो जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। इस मौके पर विधायक कंडारी ने कहा कि, नगर के बाह बाजार सहित पौड़ी जिले के दर्जनों गांवों को नये पुल का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने पुल की स्वीकृति के लिए प्रदेश मुख्यमंत्री धामी, लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज व सांसद अनिल बलूनी का आभार जताया। विधायक कंडारी ने कहा कि, अलकनंदा पैदल पुल की भांति भागीरथी पर भी जल्दी ही पैदल पुल का भी निर्माण शुरु होगा। यह पुल टफन ग्लास से निर्मित होगा जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र होगा। इस मौके पर तीर्थ पुरोहित व भाजपा मण्डल अध्यक्ष बदरीनाथ स्व. विजय ध्यानी को श्रद्धाजलि देते दो मिनट का मौन भी रखा गया। मौकेपर नगर पालिका अध्यक्ष ममता देवी, कनिष्ठ उप प्रमुख राजपाल सिंह, अधीक्षण अभियंता लोनिवि पौड़ी एमपीएम रावत, ईई विवेका प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि ध्यानी, महेंद्र नारायण कोटियाल, प्रेम लाल पंचभैया, सभासद विमल मिश्रा, अरविंद जियाल, सुधीर मिश्रा, डॉ. बीएस रावत,अशोक टोडरिया, शुभा तिवाड़ी, सरिता कर्नाटक आदि मौजूद थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com